Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2023

सरकारी पहल तथा योजनाएँ

(मार्च 2022 – मार्च 2023)

Detailed Explanation

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, Website: www.drishtiias.com
Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

उत्तर

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पाँच वर्षों के दौरान कार्यान्वयन हेतु 103790 करोड़ रूपए के वित्तीय परिव्यय के साथ एक नई केंद्रीय प्रायोजित योजना अर्थात् नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (New India Literacy Programme" -NILP) शुरू की है, जिसमें से 70000 करोड़ रूपए केंद्र का हिस्सा है एवं 33790 करोड़ रूपए राज्य का हिस्सा है।
- इस योजना का लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के 5.00 करोड़ निरक्षरों को शामिल करना है। अत: कथन 1 सही है।
- योजना के पाँच घटक हैं: (i) मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, (ii) महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल (iii) व्यावसायिक कौशल विकास (iv) बुनियादी शिक्षा और (v) सतत् शिक्षा। अत: कथन 2 सही है।
- यह योजना मुख्य रूप से शिक्षण और सीखने हेतु स्वयंसेवा पर आधारित है। अत: कथन 3 सही है।

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मासिक धर्म स्वच्छता योजना:
  - वर्तमान में 26 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों ने मासिक धर्म स्वच्छता योजना को या तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission- NHM) बजट या NHM एवं राज्य के संयुक्त बजट के साथ लागू किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - "स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली" (Health Management Information System- HMIS) के आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में लगभग 3.49 मिलियन किशोरियों को हर महीने सैनिटरी नैपकिन पैक प्रदान किये गए। अत: कथन 2 सही है।
  - इस योजना का उद्देश्य किशोरियों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना और मासिक धर्म के कारण विद्यालय में अनुपस्थिति को कम करना है। अत: कथन 3 सही है।

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्र सरकार ने देश में 20 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्थापित करने हेतु IoE योजना शुरू की है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) ने वर्ष 2017 में अनिवार्य किया कि IoE योजना अधिसूचना के पाँच वर्ष के भीतर मान्यता प्राप्त कर ले।
- भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक किफायती पहुँच प्रदान करने के लिये विश्व स्तरीय शिक्षण प्रणालियों को लागू करने में मदद के लिये 'विशिष्ट संस्थान' का दर्जा देना शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें 20 संस्थानों (10 सार्वजनिक और 10 निजी संस्थानों) ने अनुदान प्राप्त किया तथा चयनित संस्थानों में से 11 को अप्रैल 2021 में प्रतिष्ठित संस्थानों का दर्जा प्राप्त हुआ। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- IoE टैग वाले संस्थानों को फीस, पाठ्यक्रम अवधि और शासन संरचनाओं को तय करने के लिये अधिक स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता प्रदान की जाएगी। अत: कथन 3 सही है।

4.

उत्तर : B

व्याख्या:

गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA):

- गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम का उद्देश्य भारत में गैरकानूनी गतिविधियों की रोकथाम करना है। इसे वर्ष 1967 में पारित किया गया था।
- अधिनियम के तहत केंद्र सरकार किसी संगठन को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित कर सकती है यदि:
  - आतंकवाद के कृत्यों को करता है या उनमें भाग लेता है,
  - आतंकवाद के लिये तैयार करता है,
  - आतंकवाद को बढ़ावा देता है, या
  - आतंकवाद में शामिल है।
- अधिनियम अतिरिक्त रूप से सरकार को इसी आधार पर व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में नामित करने का अधिकार देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इसमें अधिकतम सज़ा के रूप में मृत्युदंड और कारावास शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
- यह संचालित मामलों की जाँच करने का अधिकार NIA के निरीक्षक या उससे ऊपर के रैंक के उप अधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों को देता है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (Pradhan Mantri Ujjwala Yojana- PMUY) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में भारत में आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों को LPG उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख सरकारी योजना है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन (LPG) प्रदान करके महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।
- मई 2016 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MOPNG) ने 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।

6.

उत्तर: D

व्याख्या:

- इसे वर्ष 1923 में सुरक्षित सूचना-साझाकरण मंच के रूप में स्थापित किया गया था, जो विभिन्न पुलिस बलों से प्राप्त सूचनाओं के संग्रहण और प्रसार के माध्यम से विश्व भर में पुलिस बलों की आपराधिक जाँच की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसका मुख्यालय फ्राँस के लियॉन में है।
- इंटरपोल के सदस्य देशों की संख्या 195 है।
  - भारत 15 अक्तूबर, 1949 को इसका सदस्य बना। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह विभिन्न क्षेत्रों में अपराधियों और पुलिस के रडार के तहत आने वाले लोगों की गतिविधियों पर नज़र रखता है और उन पुलिस बलों को सुझाव देता है जिन्होंने या तो इंटरपोल की सहायता मांगी है या जो उसके पास उपलब्ध विवरणों से लाभान्वित हो सकते हैं।
  - इसका उद्देश्य आपराधिक पुलिस बलों के बीच व्यापक संभव पारस्परिक सहायता को बढ़ावा देना है।

7.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन के तहत एक उप योजना है। इस योजना का उद्देश्य युवा मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देना है एवं भारत भर के स्कूलों में नवाचार प्रयोगशालाओं की स्थापना करके डिज़ाइन थिंकिंग माइंडसेट, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, एडाप्टिव लर्निंग, फिज़िकल कंप्यूटिंग आदि जैसे कौशल विकसित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- ATL सारथी, अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) के पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने के लिये AIM द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक स्व-निगरानी ढाँचा है। ATL को कुशल और प्रभावी बनाने के लिये इसे डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

8.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता का आकलन करने हेतु ज़िम्मेदार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) के तहत एक स्वायत्त निकाय है। इसकी स्थापना वर्ष 1994 में हुई थी। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- एक बहुस्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से, जैसे- पाठ्यक्रम, संकाय, बुनियादी ढाँचे, अनुसंधान और वित्तीय कल्याण आदि मापदंडों के आधार पर A++ से लेकर C तक के ग्रेड प्रदान करता है।

9.

उत्तर: D

व्याख्या:

  - यह कार्यक्रम वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया था। वर्ष 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर जल की आपूर्ति करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - जल जीवन मिशन जल के लिये एक जन आंदोलन बनाना चाहता है, जिससे यह हर किसी की प्राथमिकता बन जाए।
  - यह जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है। अत: कथन 2 सही है।
  - मिशन मौजूदा जल आपूर्ति प्रणालियों और जल कनेक्शनों, जल गुणवत्ता निगरानी और परीक्षण के साथ-साथ टिकाऊ कृषि की कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है।

- यह संरक्षित जल के संयुक्त उपयोग को भी सुनिश्चित करता है; पेयजल स्रोत वृद्धि, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, ग्रे जल उपचार और इसका पुन: उपयोग।
- यह यह भी सुनिश्चित करता है कि संरक्षित जल का उपयोग पेयजल स्रोत वृद्धि, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, ग्रे-जल उपचार और पुन: उपयोग हेतु किया जाए।
- जल जीवन मिशन स्थानीय स्तर पर पानी की एकीकृत मांग और आपूर्ति पक्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करता है। अत: कथन 3 सही है।

10.

उत्तर: D

व्याख्या:

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (Foreign Contribution Regulation Act- FCRA):

- विदेशी सरकारों द्वारा भारत के आंतरिक मामलों को प्रभावित करने के लिये स्वतंत्र संगठनों की सहायता से किये जाने वाले वित्तपोषण की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए FCRA को 1976 में आपातकाल के दौरान अधिनियमित किया गया था।
  - इस कानून ने व्यक्तियों और संघों को दिये जाने वाले विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की ताकि वे "एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप" कार्य कर सकें।
- प्रत्येक व्यक्ति या NGO जो विदेशी दान प्राप्त करना चाहता है, के लिये FCRA निम्नलिखित प्रावधान करता है:
  - अधिनियम के तहत पंजीकृत हो।
  - भारतीय स्टेट बैंक, दिल्ली में विदेशी धन की प्राप्ति के लिये एक बैंक खाता खोला गया हो। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - निधियों का उपयोग केवल उसी उद्देश्यों के लिये करना जिसके लिये उन्हें प्राप्त किया गया है और अधिनियम में इनको निर्धारित किया गया है।
- NGOs को अपने FCRA पंजीकरण के नवीनीकरण की तिथि समाप्त होने के छह महीने के भीतर आवेदन करना आवश्यक है क्योंकि यह केवल पाँच साल के लिये वैध होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - सरकार किसी भी NGO का FCRA पंजीकरण रद्द कर सकती है यदि यह पाया जाता है कि NGO, अधिनियम का उल्लंघन कर रहा है या लगातार दो वर्षों तक समाज के लाभ के लिये अपने चुने हुए क्षेत्र में किसी भी उचित गतिविधि में शामिल नहीं हुआ है, या निष्क्रिय रहा हो।
  - एक बार किसी NGO का पंजीकरण रद्द हो जाने के बाद वह तीन वर्ष हेतु फिर से पंजीकरण के लिये पात्र नहीं होता है।

11.

उत्तर: C

व्याख्या:

- औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 भारत में औषधियों के आयात, निर्माण और वितरण को नियंत्रित करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - हालाँकि औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 अथवा औषधि अधिनियम, 1948 के तहत "ई-फार्मेसी" की कोई वैधानिक परिभाषा नहीं प्रदान की गई है।
- हालाँकि ऑनलाइन दवा स्टोर साइटों से चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं की इलेक्ट्रॉनिक बिक्री IT अधिनियम, 2000 के तहत व्यक्त की गई है।
- ड्राफ्ट ई-फार्मेसी नियम 2018 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए थे। अत: कथन 2 सही है।
- फरवरी 2023 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कम से कम 20 कंपनियों को ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री करने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिनमें Tata-1mg, Flipkart, Apollo, PharmEasy, Amazon, और Reliance Netmeds शामिल हैं।

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यूरोपीय संघ मॉडल:
  - सामान्य डेटा संरक्षण विनियम व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिये एक व्यापक डेटा संरक्षण कानून पर केंद्रित है। अत: कथन 1 सही है।
  - यूरोपीय संघ में निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार के रूप में निहित है जो किसी व्यक्ति की गरिमा और उसके द्वारा उत्पन्न डेटा पर उसके अधिकार की रक्षा करने हेतु लक्षित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यूएस मॉडल:
  - अमेरिका में गोपनीयता अधिकारों या सिद्धांतों का कोई व्यापक सेट नहीं है, जो EU के GDPR के समान डेटा के उपयोग, संग्रह और प्रकटीकरण को संबोधित करता है।

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यूरोपीय संघ मॉडल:
  - सामान्य डेटा संरक्षण विनियम व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिये एक व्यापक डेटा संरक्षण कानून पर केंद्रित है। अत: कथन 1 सही है।

- यूरोपीय संघ में निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार के रूप में निहित है जो किसी व्यक्ति की गरिमा और उसके द्वारा उत्पन्न डेटा पर उसके अधिकार की रक्षा करने हेतु लक्षित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- यूएस मॉडल:
  - अमेरिका में गोपनीयता अधिकारों या सिद्धांतों का कोई व्यापक सेट नहीं है, जो EU के GDPR के समान डेटा के उपयोग, संग्रह और प्रकटीकरण को संबोधित करता है।

14.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म:
  - मई 2022 में नीति आयोग ने मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से NDAP नामक एक परिवर्तनकारी ओपन डेटा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाओं से उपयोगकर्त्ताओं को उनके अनुकूल इंटरफेस एवं प्रभावशाली एनालिटिक्स के साथ मशीन-पठनीय प्रारूपों में मूलभूत डेटासेट प्रदान करता है।
  - यह प्लेटफॉर्म विविध डेटासेट को सरकार से जोड़ने के लिये अत्याधुनिक तरीकों का उपयोग करता है और एक साथ कई प्रकार के डेटा के उपयोग में सक्षम बनाता है।
  - NDAP के लक्षित उपयोगकर्त्ताओं में नीति निर्माता, सिविल सेवक, विश्वविद्यालय के छात्र और शोधकर्ता, पत्रकार, नवप्रवर्तक एवं नागरिक समाज समूह सम्मिलित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - फरवरी 2023 तक NDAP 15 क्षेत्रों और 46 मंत्रालयों से 885 डेटासेट आयोजित करेगा।
  - उद्देश्य:
    - इसे उन मुद्दों को हल करने के लिये तैयार किया गया है जो वर्तमान में सरकारी डेटा के उपयोग को सीमित करते हैं, NDAP से पूर्व, विविध डेटा उपयोगकर्त्ताओं पर व्यापक शोध किया गया था ताकि सरकारी डेटा की उनकी मांग, इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने के कौशल और ऐसा करने में आने वाली चुनौतियों पर ध्यान आकृष्ट किया जा सके।

15.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम:
  - यह एक केंद्रीय वित्तपोषित कार्यक्रम है जिसकी घोषणा केंद्रीय बजट वर्ष 2022-23 (2025-26 तक) में उत्तर में सीमावर्ती गाँवों को विकसित करने और ऐसे सीमावर्ती गाँवों के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ की गई। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - इसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल होंगे।
    - इसके तहत 2,963 गाँवों को कवर किया जाएगा, जिनमें से 663 पहले चरण में कवर किये जाएंगे।
    - ग्राम पंचायतों की सहायता से ज़िला प्रशासन द्वारा वाइब्रेंट विलेज एक्शन प्लान बनाए जाएंगे।
    - वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की वजह से 'सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम' के साथ ओवरलैप की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।
- उद्देश्य:
  - यह योजना उत्तरी सीमा पर सीमावर्ती गाँवों के स्थानीय, प्राकृतिक, मानव तथा अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक चालकों की पहचान एवं विकास करने में सहायता करेगी।
  - सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास तथा उद्यमिता के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण द्वारा 'हब एंड स्पोक मॉडल' (Hub and Spoke Model) पर आधारित विकास केंद्रों को विकसित करना। अत: कथन 2 सही है।
    - स्थानीय, सांस्कृतिक, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना।
    - समुदाय आधारित संगठनों, सहकारी समितियों और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से 'एक गाँव-एक उत्पाद' की अवधारणा पर स्थायी पर्यावरण-कृषि व्यवसायों का विकास करना।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्रीय बजट 2023-2024 में यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना (National Action for Mechanized Sanitation Ecosystem-NAMASTE) के लिये लगभग 100 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं, साथ ही सरकार सभी शहरों एवं कस्बों में सेप्टिक टैंक तथा सीवर की 100% यांत्रिक सफाई सुनिश्चित करने पर विचार कर रही है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 2022 में केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह योजना आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Housing

and Urban Affairs and the Ministry of Social Justice & Empowerment- MoSJE) द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की जा रही है, इसका उद्देश्य असुरक्षित सीवर तथा सेप्टिक टैंक सफाई प्रथाओं को खत्म करना है।

- आजीविका सहायता: कार्ययोजना स्वच्छता से संबंधित उपकरणों की खरीद हेतु सफाई कर्मचारियों को वित्तीय सहायता एवं सब्सिडी (पूंजी+ब्याज) प्रदान करके मशीनीकरण तथा उद्यम विकास को बढ़ावा देगी। अत: कथन 3 सही है।

17.

उत्तर : B

व्याख्या:

- UPI-PayNow इंटीग्रेशन:
  - हाल ही में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और सिंगापुर के PayNow को दोनों देशों के मध्य तीव्र गति से प्रेषण (रेमीटेंस) सुनिश्चित करने हेतु एकीकृत किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - सिंगापुर पहला देश बन गया है जिसके साथ सीमा पार पर्सन-टू-पर्सन (P2P) भुगतान सुविधा शुरू की गई है।
  - UPI और PayNow के मध्य साझेदारी क्लाउड-आधारित बुनियादी ढाँचे और गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों द्वारा भागीदारी को प्रदर्शित करने वाली विश्व की पहली साझेदारी है।
  - UPI:
    - UPI भारत की मोबाइल-आधारित तीव्र भुगतान प्रणाली है, जो ग्राहकों द्वारा बनाए गए वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (VPA) का उपयोग करके चौबीसों घंटे त्वरित भुगतान करने की सुविधा देती है।
- VPA एक विशिष्ट पहचानकर्त्ता है जो किसी व्यक्ति को डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से धन के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है। यह एक उपयोगकर्त्ता-निर्मित पहचानकर्त्ता है जिसका उपयोग भुगतान करते समय संवेदनशील बैंक खाता विवरण प्रदान करने के स्थान पर किया जा सकता है।

18.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मतदाता पहचान पत्र-आधार लिंकिंग के संदर्भ में:
  - मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करना चुनाव के दौरान मतदाताओं की पहचान को सत्यापित और प्रमाणित करने की एक प्रक्रिया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं का दोहराव न हो एवं मतदाता आधार का सटीक तथा अद्यतन रिकॉर्ड बनाए रखा जाए।
  - मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने से मतदाता आधार का सटीक और अद्यतन रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद मिलती है। यह अपात्र या डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान करने तथा मतदाता सूची से उनके नाम हटाने हेतु नियमित अभ्यास करने में मदद कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने से मतदाताओं के दोहराव को दूर करने में मदद मिलती है, जो भारतीय चुनाव प्रणाली में एक प्रमुख मुद्दा है। यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि प्रत्येक मतदाता के पास केवल एक वोट है और मतदाता धोखाधड़ी को रोका जा सके। अत: कथन 2 सही है।
  - मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने से प्रवासी श्रमिक विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करने में अक्षम होते हैं। भारतीय निर्वाचन प्रणाली निर्वाचन क्षेत्र आधारित है, जिसका अर्थ है कि मतदाता केवल उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कर सकता है जहाँ वह मतदाता के रूप में पंजीकृत है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - आधार और मतदाता पहचान पत्र का जुड़ा होना यह सुनिश्चित नहीं करता है कि भारत के प्रति नागरिक को केवल एक मतदाता पहचान पत्र जारी किया जाए। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें व्यक्तियों को मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के बाद भी कई मतदाता पहचान पत्र जारी किये गए हैं। अत: कथन 4 सही नहीं है।

19.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) Ude Desh Ka Aam Naagrik (UDAN):
  - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना को वर्ष 2016 में नागर विमानन मंत्रालय के तहत एक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (Regional Connectivity Scheme- RCS) के रूप में शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसे राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (NCAP)-2016 की समीक्षा के आधार पर तैयार किया गया था और इसे 10 वर्षों की अवधि के लिये लागू रखने की योजना थी।
    - इस योजना के तहत स्थापित क्षेत्रीय कनेक्टिविटी फंड (RCF) के माध्यम से इस योजना की वॉयबिलिटी गैप फाइनेंसिंग (VGF) आवश्यकताओं के भुगतान के लिये विशिष्ट घरेलू उड़ानों पर कर का उपयोग किया जाता है।
- VGF एकमुश्त अथवा विलंबित अनुदान है जो कि आर्थिक रूप से उचित लेकिन वित्तीय व्यवहार्यता से कम होने वाली बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का समर्थन करने के लिये प्रदान किया जाता है।

- उद्देश्य:
  - क्षेत्रीय विमानन बाज़ार को विकसित करना।
  - छोटे शहरों में भी आम आदमी को क्षेत्रीय मार्गों पर सस्ती, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और लाभदायक हवाई यात्रा प्रदान करना।
- विशेषता:
  - इस योजना में मौजूदा हवाई पट्टियों और हवाई अड्डों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश के असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों को कनेक्टिविटी प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।
    - कम सेवा वाले हवाई अड्डे वे होते हैं जिनमें एक दिन में एक से अधिक उड़ानें नहीं होती हैं, जबकि बिना किसी प्रकार की सेवा वाले हवाई अड्डे वे होते हैं जहाँ कोई परिचालन नहीं होता है।
  - केंद्र, राज्य सरकारों और हवाई अड्डा संचालकों की ओर से चयनित एयरलाइंस को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है ताकि असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों से संचालन को प्रोत्साहित किया जा सके एवं हवाई किराए को किफायती रखा जा सके।

20.

उत्तर: A

व्याख्या:

- USTTAD (विकास के लिये पारंपरिक कला/शिल्प में कौशल और प्रशिक्षण का उन्नयन) को मई 2015 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वदेशी कारीगरों/शिल्पकारों के पारंपरिक कौशल की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है।
  - इस योजना के तहत अल्पसंख्यक कारीगरों और उद्यमियों को राष्ट्रव्यापी विपणन मंच प्रदान करने तथा रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिये पूरे देश में हुनर हाट भी आयोजित किये जाते हैं।
- अत: विकल्प A सही है।

21.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:
  - PMMY को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था।
  - PMMY लघु व्यवसाय उद्यमों को 10 लाख रुपए तक संपार्श्विक-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वित्तपोषण प्रावधान:
  - यह ऋण देने वाले सदस्य संस्थानों (Member Lending Institutions -MLIs) यानी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (MFI) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- प्रकार:
  - इस ऋण का उपयोग विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्र और कृषि में आय-अर्जक गतिविधियों हेतु किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - PMMY के तहत तीन ऋण उत्पाद हैं:
- शिशु (50,000 रुपए तक का ऋण)
- किशोर (50,000 रुपए और 5 लाख रुपए के बीच ऋण)
- तरुण (5 लाख रुपए से 10 लाख रुपए के बीच ऋण)।

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- डिजिटल भुगतान उत्सव' एक व्यापक अभियान है जो कई महत्त्वपूर्ण पहलों के साथ-साथ पूरे भारत में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'डिजिटल भुगतान उत्सव' की शुरुआत की है। अत: कथन 2 सही है।
- यह अभियान 9 फरवरी से 9 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और पहलों की एक शृंखला के साथ भारत के डिजिटल रूप में परिवर्तन की यात्रा को प्रदर्शित करेगा।
- इस व्यापक अभियान के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को जारी रखने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये सरकार, उद्योग तथा नागरिकों सहित विभिन्न हितधारकों को एकजुट किये जाने की उम्मीद है।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

भारत पर्व:

- पर्यटन मंत्रालय को इसका नोडल मंत्रालय बनाया गया है।
  - इस कार्यक्रम में एक भोजन उत्सव/ फूड फेस्टिवल, हस्तकला मेला, लोक और जनजातीय नृत्य प्रदर्शन, सांस्कृतिक मंडली प्रदर्शन, गणतंत्र दिवस झाँकी का प्रदर्शन तथा रोशनी में डूबा लाल किला आदि शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- उद्देश्य:
  - इस कार्यक्रम के दौरान देखो अपना देश, एक भारत श्रेष्ठ भारत, G20 और LIFE मिशन की ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार किया जाएगा।
  - यह कार्यक्रम भारत की विविधता में एकता का जश्न मनाने और अमृत काल के अगले 25 वर्षों में भारत को सभ्यता, संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं विरासत का केंद्र बनाने का एक तरीका है। अत: कथन 2 सही है।
    - चूँकि देश भर के कई कारीगर भी इसमें भाग ले रहे हैं, यह वोकल फॉर लोकल आदर्श वाक्य को भी बढ़ावा दे रहा है।

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (All India Survey on Higher Education-AISHE), 2020-2021 के आँकड़े जारी किये, जिसमें 2019-20 की तुलना में देश भर में छात्र नामांकन में 7.5% की वृद्धि देखी गई।
- रिपोर्ट के निष्कर्ष:
  - उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में महिला नामांकन, जो कि वर्ष 2019-20 में 45% था, यह वर्ष 2020-21 में कुल नामांकन का 49% हो गया। अत: कथन 1 सही है।
  - लैंगिक समानता सूचकांक (GPI), महिला GER और पुरुष GER अनुपात वर्ष 2017-18 के 1 से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 1.05 हो गया है।
  - दिव्यांगजन श्रेणी में छात्रों की संख्या वर्ष 2019-20 के 92,831 से घटकर वर्ष 2020-21 में 79,035 हो गई।
  - उच्च शिक्षा के लिये नामांकन करने वाले मुस्लिम छात्रों का अनुपात वर्ष 2019-20 में 5.5% से गिरकर वर्ष 2020-21 में 4.6% हो गया।
  - वर्ष 2020-21 के दौरान उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान नामांकित छात्रों की संख्या के मामले में शीर्ष 6 राज्य हैं। अत: कथन 2 सही है।

25.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत का विधि आयोग:

- यह समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
  - स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग वर्ष 1955 में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था।
  - पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश शासन काल के दौरान वर्ष 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी।
- उद्देश्य:
- यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।
- विधि आयोग का कार्य कानून संबंधी अनुसंधान और भारत में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना है ताकि इसमें सुधार किया जा सके एवं केंद्र सरकार या स्व-प्रेरणा द्वारा इसके संदर्भ में नए कानून बनाए जा सकें।
- संघटन:
- एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के साथ-साथ आयोग में एक सदस्य-सचिव सहित चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
- कानून मंत्रालय का कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य होगा।
- इसमें अंशकालिक सदस्यों की संख्या पाँच से अधिक नहीं होगी।।
- सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश इस आयोग का अध्यक्ष होगा। अत: कथन 3 सही है।

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सभी बोर्डों के लिये मूल्यांकन दिशा-निर्देश स्थापित करने के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (National Council for Education Research and Training- NCERT) ने भारत के पहले राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक, PARAKH (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण) अधिसूचित किया है। अत: कथन 1 सही है।
- यह NCERT के एक भाग के रूप में कार्य करेगा।
- परख (PARAKH) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)- 2020 के कार्यान्वयन के भाग के रूप में लॉन्च किया गया है, जिसमें नए मूल्यांकन पैटर्न और नवीनतम शोध के बारे में स्कूल बोर्डों को सलाह देने और उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये एक मानक-निर्धारण निकाय की परिकल्पना की गई है। अत: कथन 2 सही है।
- इसे नेशनल अचीवमेंट सर्वे (NAS) और स्टेट अचीवमेंट सर्वे (SAS) जैसे समय-समय पर लर्निंग आउटकम टेस्ट आयोजित करने का भी काम सौंपा जाएगा।

27.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतनेट योजना:
  - यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख मिशन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - BBNL, भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत 1000 करोड़ रुपए की अधिकृत पूंजी के साथ स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है।
    - यह राज्यों और निजी क्षेत्र की साझेदारी में डिजिटल इंडिया के विज़न को साकार करने हेतु एक उच्च मापनीय नेटवर्क अवसंरचना है जिसे गैर-भेदभावपूर्ण आधार पर सभी घरों के लिये 2Mbps से 20Mbps तथा सभी संस्थानों को उनकी मांग क्षमता के अनुसार सस्ती ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये एक्सेस किया जा सकता है।
  - इसे संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में विरोध का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- हड़ताल का अधिकार एक मौलिक अधिकार नहीं है बल्कि एक कानूनी अधिकार है और इस अधिकार के साथ औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में वैधानिक प्रतिबंध जुड़ा हुआ है।
- हड़ताल का आशय नियोक्ताओं द्वारा निर्धारित आवश्यक शर्तों के तहत काम करने से कर्मचारियों का सामूहिक रूप से इनकार करना है। हड़ताल के कई कारण हो सकते हैं, हालाँकि मुख्य तौर पर आर्थिक स्थितियों (आर्थिक हड़ताल के रूप में परिभाषित और मजदूरी एवं लाभ में सुधार के लिये) या श्रम प्रथाओं (कार्य स्थितियों में सुधार के उद्देश्य से) के संदर्भ में की जाती है।
- औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के तहत समाहित किया गया है
- अत: विकल्प A सही है।

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019' के कुछ प्रमुख प्रावधानों में शामिल हैं:
  - यातायात उल्लंघनों के लिये दंड में वृद्धि, जिसमें उच्च जुर्माने के साथ-साथ कुछ अपराधों के लिये कारावास भी शामिल है।
  - ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर का ऑनलाइन डेटाबेस का प्रावधान। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत में सभी मोटर वाहन उपयोगकर्त्ताओं को अनिवार्य बीमा कवर प्रदान करने के लिये मोटर वाहन दुर्घटना कोष की स्थापना का प्रावधान किया गया है।
  - कानूनी दायित्व के डर के बिना सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने के लिये गवाहों को प्रोत्साहित करने हेतु "गुड सेमेरिटन" का प्रावधान किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

30.

उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) एक वैधानिक निकाय है जिसे भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में भारतीय चिकित्सा परिषद (Medical Council of India -MCI) के स्थान पर स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- NMC का गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया है जिसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- NMC भारत में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिये एक नियामक संस्था है।

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवर किये गए सभी लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त प्रदान किया जाता है, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण भी शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।
- वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत कोई भी प्रवासी श्रमिक या लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है। अत: कथन 2 सही है।

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

- औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण का विनियमन मुख्य रूप से राज्य प्राधिकरणों की चिंता का विषय है, जबकि केंद्रीय प्राधिकरण देश में नई दवाओं के नैदानिक परीक्षणों के अनुमोदन के लिये उत्तरदायी है, जो दवा मानकों के निर्धारण और देश में आयातित दवाओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन CDSCO, विशेषज्ञ सलाह प्रदान कर राज्य औषधि नियंत्रण संगठनों की गतिविधियों के समन्वय हेतु उत्तरदायी है। अत: कथन 2 सही है।

33.

उत्तर C

व्याख्या:

- अटल इनोवेशन मिशन ने पूरे भारत के स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैबोरेटरीज (ATL) की स्थापना की है। इस योजना का उद्देश्य युवा दिमाग में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देना है और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग,एडाप्टिव लर्निंग, फिजिकल कंप्यूटिंग इत्यादि जैसे कौशल विकसित करना है।
- अटल नवाचार मिशन (AIM) देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा की गई एक प्रमुख पहल है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य विश्व स्तर के नवाचार केंद्र, वृहद चुनौतियों, स्टार्ट-अप व्यवसायों और अन्य स्व-रोज़गार गतिविधियों (विशेषकर प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में) को बढ़ावा देने के लिये एक मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करता है कि छोटे बच्चों को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अवधारणाओं को समझने के लिये उपकरणों और साधनों के साथ काम करने का मौका मिल सके। अत: कथन 2 सही है।

34.

उत्तर C

व्याख्या:

- ई-गवर्नेंस को समग्र रूप से बढ़ावा देने हेतु कोर और सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिये विभिन्न नीतिगत पहल व परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।
- राज्य डेटा केंद्र (SDCs), स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (S.W.A.N), सामान्य सेवा केंद्र (CSCs) प्रमुख बुनियादी ढाँचागत घटक हैं। अत: कथन 1 सही है।
- एकीकृत किसान सेवा मंच (UFSP):
- यह एक ऐसा मंच है जो कृषि क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक और निजी IT प्रणालियों की निर्बाध अंत:क्रियाशीलता में मदद करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में एक केंद्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
- यह सेवा प्रदाताओं के पंजीकरण को भी सक्षम बनाता है।

35.

उत्तर C

व्याख्या:

- स्वामित्त्व (SVAMITVA) पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
- योजना ग्रामीण बसे हुए (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्त्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य GIS मानचित्रों का उपयोग करके एक बेहतर गुणवत्ता वाली ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) तैयार करने में सहायता करना है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य सही अर्थों में ग्राम स्वराज प्राप्त करना और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

36.

उत्तर C

व्याख्या:

- समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) एक प्रमुख कौशल विकास योजना है जिसे वस्त्र क्षेत्र में एकीकृत कौशल विकास योजना की निरंतरता में अनुमोदित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रबंधन सूचना प्रणाली (Management Information System- MIS) कार्यान्वयन एजेंसियों के पंजीकरण और उन्हें पैनलबद्ध करने के लिये एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगी।
- योजना की निगरानी और कार्यान्वयन के लिये एक केंद्रीकृत वेब-आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) स्थापित की गई है। अत: कथन 2 सही है।

37.

उत्तर A

व्याख्या:

- हाल ही में कानून और न्याय मंत्री ने लोकसभा को सूचित किया है कि 'न्याय तक समग्र पहुँच के लिये अभिनव समाधान तैयार करना (Designing Innovative Solutions for Holistic Access to Justice- DISHA) योजना' पाँच वर्ष (2021-2026) की अवधि के लिये शुरू की गई।

- इसे अखिल भारतीय स्तर पर न्याय तक पहुँच पर एक व्यापक, समग्र, एकीकृत और व्यवस्थित समाधान प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य भारत के संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद 39A, 14 और 21 के तहत भारत के लोगों के लिये "न्याय" सुरक्षित करना है।
- अत: विकल्प A सही है।

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

रक्षा नवाचार संगठन (Defence Innovation Organisation- DIO):

- DIO कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत गठित एक गैर-लाभकारी संगठन है। अत: कथन 1 सही है।
- यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) द्वारा वित्त पोषित है।
- यह iDEX को उच्च-स्तरीय नीति मार्गदर्शन प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।

39.

उत्तर : B

व्याख्या:

- आयुष मंत्रालय वर्तमान में आयुर्स्वास्थ्य योजना नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना शुरू कर रहा है।
- सके दो घटक हैं:
- आयुष और सार्वजनिक स्वास्थ्य (AYUSH and Public Health- PHI): आयुष हस्तक्षेप के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर आयुष प्रणालियों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करने के लिये मूल रूप से योजना विकसित की गई है।
- उत्कृष्टता केंद्र में सुविधाओं का उन्नयन: सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में प्रतिष्ठित आयुष और एलोपैथिक संस्थानों में उन्नत/विशेष आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना का समर्थन करना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आयुष स्वास्थ्य योजना के उत्कृष्टता केंद्र घटक के तहत पात्र व्यक्तिगत संगठनों/संस्थानों को उनके कार्यों और सुविधाओं की स्थापना एवं उन्नयन और/या आयुष में अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

40.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 2017 में WHO द्वारा E-2025 पहल की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य वर्ष 2020 तक ऐसे देशों के समूह का समर्थन करना है जो अपने यहाँ मलेरिया के मामलों को ज़ीरो स्तर तक लाने हेतु प्रतिबद्ध है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस पहल द्वारा पाँच क्षेत्रों में से कुल 21 देशों की पहचान की गई जहाँ मलेरिया को खत्म करने की संभावनाएँ विद्यमान थीं।
- 'ज़ीरोइंग इन ऑन मलेरिया एलिमिनेशन' रिपोर्ट, E -2025 पहल के तहत हुई अब तक की मलेरिया उन्मूलन प्रगति को दर्शाती है।
- E-2020 की सफलताओं को ध्यान में रखते हुए WHO द्वारा ऐसे 25 देशों के समूह की पहचान की गई है जो आने वाले पाँच वर्षों में अपने यहाँ मलेरिया को पूरी तरह से समाप्त करने में सक्षम है।
- E-2025 पहल में शामिल देशों को WHO और उसके सहयोगियों से तकनीकी एवं अन्य सहयोग प्राप्त होगा। बदले में इन देशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रमों का प्रतिवर्ष ऑडिट करें, मलेरिया उन्मूलन से संबंधित मंचों पर साझेदारी करें, निगरानी और आकलन करें तथा मलेरिया से संबंधित मामले के आँकड़ों को समय-समय पर साझा करें। अत: कथन 2 सही नहीं है।

41.

उत्तर D

व्याख्या:

- 'परिवेश पोर्टल' केंद्रीय, राज्य और ज़िला स्तर के अधिकारियों से पर्यावरण, वन, वन्य जीवन और CRZ क्लीयरेंस को लागू करने और निगरानी के लिये वेब-आधारित मंच है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह ई-गवर्नेंस में सुधार और ईज़ ऑफ डूइंग रेस्पॉन्सिबल बिजनेस को बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।
- किसी विशेष परियोजना के लिये आवश्यक सभी प्रकार की मंज़ूर हेतु एक यूनिक-आईडी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसे विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया था और इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की तकनीकी सहायता के साथ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।

42.

12 C

व्याख्या:

- पब्लिसिटी राइट/ अधिकारों को अपनी पहचान के व्यावसायिक उपयोग को नियंत्रित करने के लिये किसी व्यक्ति के अधिकार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह अधिकार, जिन्हें कभी-कभी सेलिब्रिटी अधिकारों के रूप में भी जाना जाता है, किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व से जुड़े अधिकार हैं।
- सामान्य कानून के अधिकार क्षेत्र के तहत, पब्लिसिटी राइट/ अधिकार 'पासिंग ऑफ' के दायरे में आते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- पासिंग ऑफ तब होता है जब कोई जानबूझकर या अनजाने में अपने सामान या सेवाओं को किसी अन्य पक्षों से संबंधित लोगों के रूप में पास करता है। इस प्रकार की गलत बयानी किसी व्यक्ति या व्यवसाय की सद्भावना को नुकसान पहुँचाती है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय या प्रतिष्ठा को नुकसान होता है।

43.

उत्तर C

व्याख्या:

- यह जल की ज़रूरत को पूरा करने, जल निकायों को फिर से जीवंत करने, जलभृतों का बेहतर प्रबंधन, उपचारित अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग करने के लिये अमृत मिशन की प्रगति सुनिश्चित करेगा, जिससे जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। अत: कथन 1 सही है।
- यह 500 अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज का 100% कवरेज प्रदान करेगा।
- जल के समान वितरण, अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग और जल निकायों के मानचित्रण का पता लगाने के लिये शहरों में पेयजल सर्वेक्षण किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

44.

उत्तर C

व्याख्या:

पीएम स्वनिधि योजना की अवधि बढ़ाई गई:

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की अवधि को मार्च, 2022 से आगे बढ़ाया गया है।

विस्तारित योजना के लिये प्रावधान:

- दिसंबर 2024 तक ऋण अवधि का विस्तार।
- क्रमश: ₹10,000 और ₹20,000 के पहले और दूसरे ऋण के अलावा ₹50,000 तक के तीसरे ऋण की शुरुआत।अत: कथन 2 सही है।
- देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के सभी लाभार्थियों के लिये 'स्वनिधि से समृद्धि' घटक का विस्तार।
  - स्वनिधि से समृद्धि' को जनवरी, 2021 में 'पीएम स्वनिधि' लाभार्थियों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को चिह्नित करने हेतु लॉन्च किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

पीएम स्वनिधि योजना:

- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था।
- इसे 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।
- यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है अर्थात यह आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

45.

उत्तर D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह अनुसूचित जातियों, विमुक्त घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणी से संबंधित कम आय वाले छात्रों को विदेश में अध्ययन करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रत्येक वर्ष के पुरस्कारों का 30% महिला उम्मीदवारों के लिये निर्धारित किया जाता है।
- यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तहत लागू किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

46.

उत्तर A

व्याख्या:

- हाल ही में 4 राज्यों - तमिलनाडु, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति (ST) सूची को संशोधित करने की मांग करने वाले चार विधेयकों को संविधान (ST) आदेश, 1950 में प्रस्तावित संशोधनों के माध्यम से लोकसभा में पेश किया गया था।
- विधेयक का उद्देश्य:
  - तमिलनाडु की ST सूची में नारीकोरवन और कुरुविक्करन पहाड़ी जनजातियों को शामिल करना। अत: विकल्प A सही है।

- लोकुर समिति (1965) ने भी अपनी रिपोर्ट में उन्हें सूची में शामिल करने की सिफारिश की थी।
- कर्नाटक की ST सूची में पहले से ही वर्गीकृत काडू कुरुबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरुबा को शामिल करना।
- छत्तीसगढ़ की ST सूची में पहले से वर्गीकृत भारिया भूमिया जनजाति के लिये देवनागरी लिपि में अन्य समानार्थक शब्द जोड़ना।
  - जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, वे सभी एक ही जनजाति का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें सूची से बाहर रखा गया था क्योंकि उनके नाम अलग-अलग हैं।
- सिरमौर ज़िले में ट्रांस-गिरि क्षेत्र के हट्टी समुदाय को हिमाचल प्रदेश की ST सूची में शामिल करना (लगभग पाँच दशकों के बाद)।

ST सूची में शामिल करने की प्रक्रिया:

- राज्य द्वारा सिफारिश:
  - जनजातियों को ST की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिश से शुरू होती है, जिसे बाद में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को भेजा जाता है, जो समीक्षा करता है और अनुमोदन के लिये भारत के महापंजीयक को इसे प्रेषित करता है।
- NCST से मंज़ूरी: इसके बाद सूची को अंतिम निर्णय के लिये कैबिनेट को भेजे जाने से पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (National Commission for Scheduled Tribes- NCST) द्वारा मंज़ूरी दी जाती है।
- राष्ट्रपति की सहमति: अंतिम निर्णय करने की शक्ति राष्ट्रपति में निहित है (अनुच्छेद 342 के तहत)।
  - अनुसूचित जनजाति में किसी भी समुदाय को शामिल करने की प्रक्रिया संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करने वाले विधेयक को राष्ट्रपति की मंज़ूरी के बाद ही प्रभावी होती है।

47.

उत्तर C

व्याख्या:

- कौशल की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने के लिये 'राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ('National Skill Development Corporation- NSDC) की स्थापना की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- NSDC को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया था।
- NSDC अल्ट्रा-लो-कॉस्ट, हाई-क्वालिटी, इनोवेटिव बिजनेस मॉडल के विकास की सुविधा देता है और महत्त्वपूर्ण निजी निवेश को आकर्षित करता है। अत: कथन 2 सही है।

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विद्युत मंत्रालय ने शक्ति नीति के अंतर्गत वित्त, स्वामित्व और प्रचालन (एफओओ) आधार पर पाँच वर्षों के लिए प्रतिस्पर्धी आधार पर 4500 मेगावाट की कुल विद्युत की खरीद के लिए एक योजना की घोषणा की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- शक्ति योजना का उद्देश्य भारत में सभी थर्मल पावर प्लांट्स को कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, इस तरह से जो पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण हो।
- इस योजना का उद्देश्य आयातित कोयले पर निर्भरता को कम करना और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना भी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण:

- सांविधिक प्राधिकरण: UIDAI 12 जुलाई, 2016 को आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के अधिकार क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - UIDAI की स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2009 में योजना आयोग के तत्त्वावधान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- UIDAI को भारत के सभी निवासियों को एक 12-अंकीय विशिष्ट पहचान (UID) संख्या (आधार) प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है।
  - देश में समग्र आधार संतृप्ति स्तर 93% को पार कर गया है, और वयस्क आबादी के मामले में यह लगभग 100% है

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

1. भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जाँच में आसानी प्रदान करके राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना क्योंकि उन्हें वर्तमान में डेटा तक पहुँच प्राप्त करने के लिये पारस्परिक कानूनी सहायता संधियों

(MLATs) पर भरोसा करने की आवश्यकता है। अत: कथन 1 सही है।

2. MLAT सरकारों के बीच समझौते हैं जो उन देशों में से कम से कम एक में होने वाली जाँच से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं।
3. भारत ने 45 देशों के साथ पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (MLAT) पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

51.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) से भारत में लोगों के लिये सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है।
- ईट राइट इंडिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप है। अत: कथन 1 सही है।
- 'ईट राइट इंडिया', 'ईट हेल्दी', 'ईट सेफ' और 'ईट सस्टेनेबल' के तीन व्यापक स्तंभों के आधार पर बनाया गया है। अत: कथन 2 सही है।

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्वामित्व का मतलब गाँवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण है।
  - यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया था।
  -
- पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) इसके कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के लिये एक एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- स्वमिता योजना ग्रामीण क्षेत्रों में घर के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करना और संपत्ति कार्ड जारी करेगी। अत: कथन 3 सही है।
- ग्रामीण क्षेत्रों का सीमांकन ड्रोन सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी का उपयोग करके किया जाएगा। अत: कथन 4 सही है।

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

- EAC-PM एक गैर-संवैधानिक, गैर-सांविधिक, स्वतंत्र निकाय है जिसका गठन भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह परिषद एक तटस्थ दृष्टिकोण से भारत सरकार को प्रमुख आर्थिक मुद्दों पर प्रकाश डालती है।
- प्रशासनिक, रसद, योजना और बजट उद्देश्यों के लिये, नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- जो व्यक्ति किसी निर्दिष्ट सेवा में कार्यरत होने के कारण अथवा दिव्यांग या वरिष्ठ नागरिक होने के कारण मतदान केंद्र तक पहुँचने में असमर्थ हैं। उन लोगों को डाकपत्र के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा देना ही पोस्टल बैलेट कहलाता है।
- इसके अलावा, यह मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से वितरित किया जाता है और डाक के माध्यम से चुनाव अधिकारियों को वापस भेजा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्तमान में केवल निम्नलिखित मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने की अनुमति है:
  - सेवा मतदाता (सशस्त्र बल, एक राज्य के सशस्त्र पुलिस बल और विदेशों में तैनात सरकारी कर्मचारी),
  - चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाता,
  - 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता या विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी),
  - मतदाता जो निवारक हिरासत में हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

55.

उत्तर: A

व्याख्या:

1. गलत सूचना का मुकाबला करने के लिये सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सामग्री मॉडरेशन-संचालित रणनीति एक रेड-हेरिंग है जिसे व्यापार मॉडल के हिस्से के रूप में दुष्प्रचार के प्रवर्धित वितरण की कहीं बड़ी समस्या से ध्यान हटाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
2. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तेज़ी से सार्वजनिक अभिव्यक्ति का प्राथमिक आधार बनते जा रहे हैं, जिस पर मुट्ठी भर व्यक्तियों का नियंत्रण होता है।
3. चुनाव आयोग मीडिया को नियंत्रित नहीं करता है। हालाँकि यह कानून या न्यायालय के निर्देशों के प्रावधानों को लागू करने की ज़िम्मेदारी है, जो मीडिया या मीडिया के कामकाज के कुछ पहलुओं के साथ संबंध हो सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

56.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मनरेगा, जिसे वर्ष 2005 में लॉन्च किया गया था, दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
- योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी ग्रामीण परिवार के अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी देना है।
- कार्य का कानूनी अधिकार:
  - पहले की रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत मनरेगा का उद्देश्य अधिकार-आधारित ढाँचे के माध्यम से चरम निर्धनता के कारणों का समाधान करना है।
  - लाभार्थियों में कम-से-कम एक-तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।
  - मज़दूरी का भुगतान न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मज़दूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी के अनुरूप किया जाना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।
- मनरेगा की रूपरेखा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग यह है कि इसके तहत किसी भी ग्रामीण वयस्क को मांग करने के 15 दिनों के भीतर काम पाने की कानूनी रूप से समर्थित गारंटी प्राप्त है, जिसमें विफल होने पर उसे 'बेरोज़गारी भत्ता' प्रदान किया जाता है। यह मांग-प्रेरित योजना श्रमिकों के स्व-चयन (Self-Selection) को सक्षम बनाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

57.

उत्तर: A

व्याख्या:

- डिजिटल शक्ति को जून 2018 में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता स्तर बढ़ाने के लिये देश भर की महिलाओं की मदद करने हेतु शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह महिलाओं को उनके लाभ के लिये रिपोर्टिंग और निवारण तंत्र, डेटा गोपनीयता एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग में मदद कर रहा है।
- इस कार्यक्रम का तीसरा चरण मार्च 2021 में लेह में लॉन्च के साथ शुरू किया गया था।
- डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल और ऑनलाइन किसी भी अवैध/अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिये जागरुक बनाने पर केंद्रित है। अत: कथन 1 सही है।

58.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'लोक अदालत' शब्द का अर्थ 'पीपुल्स कोर्ट' है और यह गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है। अत: कथन 1 सही है।
- सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, यह प्राचीन भारत में प्रचलित न्यायनिर्णयन प्रणाली का एक पुराना रूप है और वर्तमान में भी इसकी वैधता बरकरार है।
- लोक अदालत विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत एक सांविधिक निकाय है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) प्रणाली के घटकों में से एक है जो आम लोगों को अनौपचारिक, सस्ता और शीघ्र न्याय प्रदान करता है।

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

एक भारत श्रेष्ठ भारत:

- इसे वर्ष 2015 में विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिये लॉन्च किया गया था ताकि विभिन्न संस्कृतियों के लोगों में आपसी समझ और बंधन को बढ़ाया जा सके, जिससे भारत की एकता व अखंडता मजबूत होगी।
- संबद्ध मंत्रालय: यह शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। अत: विकल्प A सही है ।
- योजना के तहत गतिविधियाँ: देश के प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश को एक समयावधि के लिये दूसरे राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के साथ जोड़ा जाएगा, जिसके दौरान वे भाषा, साहित्य, व्यंजन, त्योहारों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पर्यटन आदि क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ विचारों का आदान प्रदान करेंगे।
- उद्देश्य:
  - राष्ट्र की विविधता में एकता का निर्माण करना और हमारे देश के लोगों के बीच पारंपरिक रूप से विद्यमान भावनात्मक बंधनों के ताने-बाने को बनाए रखना तथा मजबूत करना।
  - राज्यों के बीच एक साल के नियोजित जुड़ाव के माध्यम से सभी भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीच गहरे और संरचित जुड़ाव के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना।
  - लोगों को भारत की विविधता को समझने और उसकी सराहना करने में सक्षम बनाने के लिये किसी भी राज्य की समृद्ध विरासत एवं संस्कृति, रीति-रिवाजों तथा परंपराओं को प्रदर्शित करके आम पहचान की भावना को बढ़ावा देना।
  - दीर्घकालिक जुड़ाव स्थापित करना।
  - एक ऐसा वातावरण तैयार करना जो सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करके राज्यों के बीच ज्ञान को बढ़ावा दे।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मनरेगा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किया गया दुनिया का सबसे बड़ा कार्य गारंटी कार्यक्रम है।
- काम का कानूनी अधिकार: पूर्व रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत कानून लगातार गरीबी के मूल कारणों को दूर करने के लिये अधिकार-आधारित दृष्टिकोण को नियोजित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- मनरेगा मज़दूरी दर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रम (CPI-AL) में बदलाव के अनुसार तय की जाती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति में वृद्धि को दर्शाता है। अत: कथन 2 सही है।

61.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पीएम-डिवाइन योजना:
  - यह 100% केंद्रीय वित्तपोषण के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। अत: कथन 1 सही है।
  - पीएम-डिवाइन (PM-DevINE) योजना में वर्ष 2022-23 से 2025-26 (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्षों) तक चार साल की अवधि में 6,600 करोड़ रुपए का परिव्यय होगा।
  - पीएम-डिवाइन पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिये उपलब्ध संसाधनों के अतिरिक्त है। यह मौजूदा केंद्र और राज्य की योजनाओं का विकल्प नहीं होगी।
  - यह योजना पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर परिषद या केंद्रीय मंत्रालयों/ एजेंसियों के माध्यम से लागू की जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

62.

उत्तर: B

व्याख्या:

- बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना (BBBP) योजना 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी ताकि बाल लिंग अनुपात (CSR) और जीवन चक्र निरंतरता पर महिला सशक्तीकरण के संबंधित मुद्दों को संबोधित किया जा सके।
- यह महिला और बाल विकास मंत्रालय (MW&CD), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MH&FW) एवं शिक्षा मंत्रालय का एक त्रि-मंत्रालयी प्रयास है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना के तहत गुड्डी-गुड्डा बोर्डों का उपयोग जन-साधारण में लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये जन्म सांख्यिकी (लड़कों की संख्या की तुलना में पैदा हुई लड़कियों की संख्या) के प्रदर्शन के लिये किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

63.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 2014 में लॉन्च किये गए मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य में बदलना है।
  - यह पहल दुनिया भर के संभावित निवेशकों और भागीदारों को 'न्यू इंडिया' की विकास यात्रा में भाग लेने हेतु एक निमंत्रण है। अत: कथन 1 सही है।
- उद्देश्य:
  - नए औद्योगीकरण के लिये विदेशी निवेश को आकर्षित करना और चीन से आगे निकलने के लिये भारत में पहले से मौजूद उद्योग आधार का विकास करना।
  - मध्यावधि में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि को 12-14% वार्षिक करने का लक्ष्य।
  - देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को वर्ष 2022 तक 16% से बढ़ाकर 25% करना।
  - वर्ष 2022 तक 100 मिलियन अतिरिक्त रोज़गार सृजित करना।
  - निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा देना।

अत: कथन 2 सही है।

64.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गृह मंत्रालय के पास गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत किसी भी संगठन/संघ को गैरकानूनी घोषित करने का अधिकार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उससे जुड़े संगठनों पर आतंकी संबंध रखने की वजह से पाँच साल के लिये प्रतिबंध लगा दिया है।
- UAPA के अनुसार सरकार को "गैरकानूनी संगठन" द्वारा "धन के उपयोग पर रोक लगाने" की शक्ति है। अत: कथन 2 सही है।
- आतंकवाद से संबंधित अपराधों से निपटने के लिये यह सामान्य कानूनी प्रक्रियाओं से अलग है और इसके नियम सामान्य अपराधों के नियमों से अलग हैं। जहाँ अभियुक्तों के संवैधानिक सुरक्षा उपायों को कम कर दिया गया है।

65.

उत्तर: D

व्याख्या:

- दिये गए दोनों कथन जनप्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1950 में उल्लिखित प्रावधान हैं।
- जनप्रतिनिधित्त्व अधिनियम (RPA), 1950:
  - निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रिया निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया और सीटें भरने का तरीका निर्धारित करता है।
  - लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं एवं विधानपरिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - मतदाताओं की योग्यता निर्धारित करता है।
- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951
  - यह चुनावों और उपचुनावों के वास्तविक संचालन को नियंत्रित करता है।
  - यह चुनाव कराने के लिये प्रशासनिक तंत्र प्रदान करता है।
  - यह राजनीतिक दलों के पंजीकरण से संबंधित है।
  - यह सदनों की सदस्यता के लिये योग्यता और अयोग्यता को निर्दिष्ट करता है।
  - यह भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों को रोकने के प्रावधान प्रदान करता है।
  - यह चुनावों से उत्पन्न होने वाले संदेहों और विवादों को निपटाने की प्रक्रिया निर्धारित करता है।

66.

उत्तर: B

व्याख्या:

- जलदूत एप को ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इस एप का उपयोग पूरे देश मे प्रत्येक गाँव में चयनित 2-3 कुओं के जल स्तर का आकलन करने के लिये किया जाएगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ग्राम रोज़गार सहायक (GRS) वर्ष में दो बार (मानसून से पहले और मानसून के बाद) चयनित कुएँ के जल स्तर को मापने के लिये जलदूत एप का उपयोग कर सकता है।
- यह एप देश भर में जल स्तर की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा और परिणामी डेटा का उपयोग ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनाओं के लिये किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके अतिरिक्त डेटा का उपयोग विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं और अन्य कार्यों के लिये भी किया जा सकता है।

67.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गति शक्ति एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो बुनियादी ढाँचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन के लिये रेलवे एवं रोडवेज़ सहित 16 मंत्रालयों को समन्वय हेतु एकीकृत करेगा। अत: कथन 1 सही है।
- रसद लागत में कटौती के अलावा इस योजना का उद्देश्य कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना तथा व्यापार को बढ़ावा देने के लिये बंदरगाहों पर टर्नअराउंड समय को कम करना है।
- गति शक्ति योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजना में शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका लक्ष्य 11 औद्योगिक गलियारे और दो नए रक्षा गलियारे हैं- एक तमिलनाडु में और दूसरा उत्तर प्रदेश में।

68.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय आयुष मिशन (NAM) आयुष मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना में भारतीयों के समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये आयुष क्षेत्र का विस्तार शामिल है।
- केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित होती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- केंद्र प्रायोजित योजनाएँ केंद्र द्वारा चलाई जाती हैं जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों वित्तीय रूप से योगदान करते हैं।

69.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में बंदूक लाइसेंस प्राप्त करने के लिये न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बिना लाइसेंस के प्रतिबंधित गोला-बारूद के अधिग्रहण, हथियाने या ले जाने के अपराध के लिये जुर्माने के साथ-साथ कारावास की सज़ा को 7 से 14 साल के बीच कर दिया गया है।
- गैरकानूनी निर्माण, बिक्री और हस्तांतरण के लिये कम-से-कम सात साल के कैद की सज़ा दी जा सकती है, जिसे जुर्माने के साथ-साथ आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है।

- शीर्ष स्तर पर बंदूक लाइसेंस का प्रशासन गृह मंत्रालय के दायरे में आता है। अत: कथन 2 सही है।

70.

उत्तर: B

व्याख्या:

मनरेगा योजना:

- मनरेगा दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
- योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी ग्रामीण परिवार के सार्वजनिक कार्य से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी देना है।
  - ग्रामीण भारत में रहने वाले किसी भी परिवार के सभी वयस्क सदस्य (18 वर्ष और अधिक) और मैनुअल अकुशल कार्य करने के पात्र हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मनरेगा की धारा 17 के तहत कार्यक्रम के तहत निष्पादित सभी कार्यों को एक सामाजिक लेखा परीक्षा से गुजरना होगा। अत: कथन 2 सही है।
- प्रत्येक सामाजिक लेखा परीक्षा इकाई पिछले वर्ष में राज्य द्वारा किये गए मनरेगा व्यय के 0.5% के बराबर धन की हकदार है।
  - ऑडिट में मनरेगा के तहत बनाए गए बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता जाँच, मज़दूरी में वित्तीय हेराफेरी और किसी भी प्रक्रियात्मक विचलन की जाँच शामिल है।

71.

उत्तर: D

व्याख्या:

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण):

- संबंधित मंत्रालय: ग्रामीण विकास मंत्रालय।
- उद्देश्य: मार्च 2022 के अंत तक सभी ग्रामीण परिवार जो बेघर हैं या कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रह रहे हैं, को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना।
- गरीबी रेखा से नीचे (BPL) जीवन व्यतीत कर रहे ग्रामीण परिवारों को आवासीय इकाइयों के निर्माण और मौजूदा अनुपयोगी कच्चे मकानों के उन्नयन हेतु पूर्ण अनुदान के रूप में सहायता प्रदान करना।
- लाभार्थी: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित लोग, मुक्त बंधुआ मज़दूर और गैर-एससी/एसटी वर्ग, विधवा महिलाएँ, रक्षाकर्मियों के परिजन, पूर्व सैनिक तथा अर्द्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त सदस्य, विकलांग व्यक्ति एवं अल्पसंख्यक। अत: विकल्प (d) सही है।
- लाभार्थियों का चयन: तीन चरणों- सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011, ग्राम सभा, और भू-टैगिंग के सत्यापन के माध्यम से।
- लागत साझा करना: यूनिट सहायता की लागत मैदानी क्षेत्रों में 60:40 और उत्तर-पूर्वी तथा पहाड़ी राज्यों के लिये 90:10 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझा की जाती है।

72.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय विद्युत गतिशीलता मिशन योजना (NEMMP) का उद्देश्य देश में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय ईंधन सुरक्षा हासिल करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह योजना बैटरी प्रौद्योगिकी, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर्स, सिस्टम एकीकरण, बैटरी प्रबंधन प्रणाली, परीक्षण, बुनियादी ढाँचे और उद्योग की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देती है।
- इलेक्ट्रिक वाहनों का तेज़ी से अंगीकरण और विनिर्माण NEMMP 2020 का एक हिस्सा है। इसी संदर्भ में वर्ष 2015 में भारी उद्योग विभाग ने फेम इंडिया (Faster Adoption and Manufacturing of (Hybrid &) Electric Vehicles in India- FAME India) नामक एक योजना बनाई थी। अत: कथन 2 सही है।

73.

उत्तर: D

व्याख्या:

डीम्ड विश्वविद्यालय:

- डीम्ड विश्वविद्यालय एक प्रकार का उच्च शिक्षा संस्थान है, इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत "डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी" (deemed to be university) का दर्जा दिया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- व्यापक शब्दों में इसका अर्थ है कि संस्थान को अपने स्वयं के डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश करने की अनुमति दी गई है, जो नियमित विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान किये जाने वाले डिग्री कार्यक्रमों के समकक्ष हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - डीम्ड यूनिवर्सिटी होने के कई फायदे हैं, जैसे वित्तीयन के अवसरों में वृद्धि और बेहतर संकाय को आकर्षित करना। इसके अतिरिक्त इन संस्थानों में प्राय: अधिक लचीली प्रवेश नीतियाँ होती हैं।
    - पाठ्यक्रम को संशोधित करने का अधिकार।
    - परीक्षा और मूल्यांकन आयोजित करने का अधिकार।

74.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गियर बॉक्स/कंटेनर में छिपाई गई दवाओं का पता लगाने के लिये ऑपरेशन गियर बॉक्स चलाया गया है।
    - इसे राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा लॉन्च किया गया था।
    - पुराने और उपयोग किये गए गियर बॉक्स को खोलने के बाद वहाँ से गियर को हटा दिया गया और उस जगह पर मादक पदार्थों से युक्त प्लास्टिक के पैकेट रखे गए तथा जाँच से बचने के लिये गियर बॉक्स को फिर से फिट कर दिया गया था।
- ड्रग सिंडिकेट ने हेरोइन को छिपाने के लिये इस अनोखे तरीके का उपयोग किया है।
- इन पैकेटों को धातु के स्क्रैप के साथ अन्य धातु स्क्रैप के अंदर छिपाकर भेजा गया था, ताकि अधिकारियों का ध्यान इस पर न जाए। अत: केवल कथन 1 सही है।

75.

उत्तर: C

व्याख्या:

- PMMSY मत्स्य क्षेत्र पर केंद्रित एक सतत् विकास योजना है, जिसे आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक (5 वर्ष की अवधि के दौरान) सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में कार्यान्वित किया जाना है।
- PMMSY के अंतर्गत 20,050 करोड़ रुपए का निवेश मत्स्य क्षेत्र में होने वाला सबसे अधिक निवेश है।
- मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- PMMSY का उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है। अत: कथन 2 सही है।
- PMMSY का मुख्य आदर्श वाक्य मत्स्य पालन क्षेत्र में 'सुधार, प्रदर्शन और रूपांतरण' है।
- PMMSY योजना में निम्नलिखित सुधारों और पहलों को शामिल किया गया है:
    - मूल और विस्तृत बुनियादी ढाँचा विकास
    - निम्नलिखित प्रयासों के माध्यम से भारतीय मात्स्यिकी का आधुनिकीकरण:
- मछली पकड़ने के बंदरगाहों और लैंडिंग केंद्रों को बढ़ावा
- पारंपरिक मछुआरों के क्राफ्ट-ट्रॉलर-डीप समुद्र में जाने वाले जहाज ोका आधुनिकीकरण और यांत्रिकीकरण
- पोस्ट हारवेस्ट हानि को कम करने के लिये पोस्ट हारवेस्ट सुविधाओं का प्रावधान
- कोल्ड चेन की सुविधा
- स्वच्छ मछली बाज़ार
- बर्फ के बक्से वाले दोपहिया वाहन और ऐसी अन्य सुविधाएँ

76.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मूलभूत शिक्षण सर्वेक्षण (FLS) का उद्देश्य 22 भारतीय भाषाओं में समझ के साथ पढ़ने के लिये मानक स्थापित करना है।
- पृष्ठभूमि: FLS 2022 में निपुण (NIPUN) भारत मिशन के तहत फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (FLN) के प्रयासों को मज़बूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में शुरू किया गया था।
- नमूने का आकार: देश के 10,000 स्कूलों में कक्षा III के 86,000 बच्चों के बीच मूलभूत शिक्षण सर्वेक्षण किया गया।
- वर्गीकरण: बच्चों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें चार श्रेणियों में रखा गया था:
- जिनके पास सबसे बुनियादी ज्ञान और कौशल की कमी थी
- जिनके पास सीमित ज्ञान और कौशल है
- जिन्होंने पर्याप्त ज्ञान और कौशल विकसित किया है
- जिन्होंने बेहतर ज्ञान विकसित किया है
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रव्यापी मूलभूत शिक्षण सर्वेक्षण (Foundational Learning Survey-FLS) किया गया। अत: विकल्प B सही है।

77.

उत्तर: C

व्याख्या:

प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PM-SHRI) योजना:

- इस योजना का उद्देश्य केंद्र सरकार/ राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकार/ स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों को मज़बूत करना है। अत: कथन 1 सही है।
- यह देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों के उन्नयन और विकास के लिये केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 2 सही है।
- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी घटकों को प्रदर्शित करेगा और अनुकरणीय स्कूलों के रूप में कार्य करेगा तथा अपने आसपास के अन्य स्कूलों को प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।

- इन स्कूलों का उद्देश्य न केवल गुणात्मक शिक्षण, शिक्षा और संज्ञानात्मक विकास होगा, बल्कि 21 वीं सदी के प्रमुख कौशल-युक्त समग्र एवं सर्वांगीण व्यक्तियों का निर्माण भी होगा।

78.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना
  - सरकार द्वारा वर्ष 2015 में कौशल भारत मिशन शुरू किया गया था, जिसके तहत प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) चलाई गई है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक भारत में 40 करोड़ से अधिक लोगों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करना है एवं समाज में बेहतर आजीविका और सम्मान के लिये भारतीय युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण व प्रमाणन प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा PMKVY का कार्यान्वयन किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

79.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तेज़ी से अंगीकरण और निर्माण (FAME) भारत राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का एक हिस्सा है। FAME का मुख्य उद्देश्य सब्सिडी प्रदान करके इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- फेम इंडिया योजना का उद्देश्य सभी प्रकार के वाहनों को प्रोत्साहित करना है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक तकनीक जैसे- माइल्ड हाइब्रिड, स्ट्रांग हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं।
- निगरानी प्राधिकरण: भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय।
- फेम इंडिया योजना में 4 फोकस क्षेत्र शामिल हैं-
  - प्रौद्योगिकी विकास
  - मांग निर्माण
  - पायलट परियोजनाएँ
  - चार्जिंग बुनियादी ढाँचा

80.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्रि-मैक/Cri-MAC (Crime Multi Agency Centre) को वर्ष 2020 में गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा लॉन्च किया गया था, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा संचालित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ अपराध और अपराधियों के बारे में जानकारी साझा करने एवं उनके बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिये शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य देश भर में अपराध की घटनाओं का जल्द पता लगाने और रोकथाम में मदद करना है।
- क्रि-मैक वास्तविक समय के आधार पर देश भर में मानव तस्करी सहित महत्त्वपूर्ण अपराधों के बारे में जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है और अंतर-राज्य समन्वय को सक्षम बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह अवैध तस्करी के पीड़ितों का पता लगाने और उनकी पहचान करने के साथ-साथ अपराध की रोकथाम, पता लगाने एवं जाँच में भी मदद कर सकता है।

81.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (NSWS) का शुभारंभ वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सितंबर 2021 में किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह एक वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य निवेशकों को देश में व्यवसाय शुरू करने के लिये आवश्यक विभिन्न पूर्व-संचालन अनुमोदनों हेतु आवेदन करने की अनुमति देना है।
  - इसके अलावा यह व्यवसाय पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाता है, जिससे लाभार्थी को महत्त्वपूर्ण अनुमोदन ऑनलाइन प्राप्त करने की अनुमति मिलती है, यह अनुमोदन के लिये सरकारी कार्यालयों में भाग-दौड़ से बचाता है और केवल एक क्लिक के साथ सेवाओं का लाभ उठाया सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह व्यवसायों को उन सभी अनुमोदनों के विवरण के साथ-साथ एक सामान्य पंजीकरण फॉर्म, दस्तावेज़ और ई-संचार मॉड्यूल के विवरण के बारे में सूचित करने के लिये 'नो योर अप्रूवल' (Know Your Approvals) सेवा भी प्रदान करेगा। अत: कथन 3 सही है।

82.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नीति (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) आयोग भारत सरकार का सर्वोच्च सार्वजनिक नीति थिंक टैंक है।
- योजना आयोग को 1 जनवरी, 2015 को एक नए संस्थान नीति आयोग द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था, जिसमें 'सहकारी संघवाद' की भावना को प्रतिध्वनित करते हुए अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार की परिकल्पना की परिकल्पना के लिये 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण पर ज़ोर दिया गया था।
- इसके पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं और उपाध्यक्ष की नियुक्ति उनके द्वारा की जाती है।
- शासी परिषद: सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।
- इसके दो हब हैं।
  - टीम इंडिया हब- राज्यों और केंद्र के बीच इंटरफेस का काम करता है।
  - ज्ञान और नवोन्मेष हब- नीति आयोग के थिंक-टैंक की भाँति कार्य करता है।
- आयोग ने तीन दस्तावेज़ पेश करने की योजना बनाई है- 3 साल का एक्शन एजेंडा, 7 साल का मध्यम अवधि का रणनीति पेपर और 15 साल का विजन डॉक्यूमेंट।
- इसके पास नीतियाँ आरोपित करने का अधिकार नहीं है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके पास धन आवंटित करने का अधिकार नहीं है, जो वित्त मंत्री में निहित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

83.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सुविधाओं के मानचित्र (I-STEM) अनुसंधान एवं विकास (Research and Development- R&D) सुविधाओं को साझा करने के लिये एक राष्ट्रीय वेब पोर्टल है।
  - यह पोर्टल शोधकर्त्ताओं को उपकरणों के उपयोग के लिये स्लॉट तक पहुँचने के साथ-साथ परिणामों के विवरण जैसे- पेटेंट, प्रकाशन और प्रौद्योगिकियों को साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- इस पोर्टल को जनवरी 2020 में लॉन्च किया गया। यह प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (Prime Minister's Science, Technology & Innovation Advisory Council- PM-STIAC) के तत्त्वावधान में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय की एक पहल है।
- PM-STIAC: यह एक व्यापक परिषद है जो प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय को विशिष्ट विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्थिति का आकलन करने, भविष्य का रोडमैप विकसित करने, चुनौतियों को समझने आदि विषय पर प्रधानमंत्री को सलाह देने की सुविधा प्रदान करती है। अत: कथन 2 सही है।
- I-STEM का लक्ष्य शोधकर्त्ताओं को संसाधनों से जोड़कर देश के R&D पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है।
  - स्वदेशी रूप से प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिक उपकरणों के विकास को बढ़ावा देना, और I-STEM वेब पोर्टल के माध्यम से देश में मौजूदा सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं तक पहुँच को सक्षम करके शोधकर्त्ताओं को आवश्यक आपूर्ति और सहायता प्रदान करना। अत: कथन 3 सही है।

84.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्र ने हाल ही में देश में सभी सिविल सेवाओं की भूमिका हेतु क्षमता विकास के लिये नियम आधारित प्रशिक्षण द्वारा परिवर्तनकारी बदलाव लाने हेतु 'सिविल सेवा क्षमता विकास के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम- मिशन कर्मयोगी (National Programme for Civil Services Capacity Building – Mission Karmayogi)' को मंज़ूरी दी है।.
- इसका उद्देश्य सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ भविष्य के लिये तैयार सिविल सेवा का निर्माण करना है, जो न्यू इंडिया की दृष्टि से जुड़ा हुआ है।. अत: कथन 1 सही है I
- इसका उद्देश्य भारतीय सिविल सेवकों को और भी अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, अधिक क्रियाशील, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी तथा प्रौद्योगिकी समर्थ बनाते हुए भविष्य के लिये तैयार करना है। अत: कथन 2 सही है I
- क्षमता निर्माण को iGOTकर्मयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरित किया जाएगा, जिसमें वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से ली गई सामग्री होगी। अत: कथन 3 सही हैI

85.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत की सागर नीति एकीकृत क्षेत्रीय ढाँचा है, जिसका अनावरण भारतीय प्रधानमंत्री ने मार्च 2015 में मॉरीशस की यात्रा के दौरान

किया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये भारत का रणनीतिक दृष्टिकोण है।

- भारत IOR क्षेत्र में अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास ज़ारी रखेगा। अत: कथन 1 सही है।
- इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र को समावेशी, सहयोगी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तब सामने आती है जब भारत की अन्य नीतियों जो समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करती हैं जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'नेट सुरक्षा प्रदाता' के रूप में, ब्लू इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करना आदि।
- सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तबसामने आती है जब इसे समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करने वाली भारत की अन्य नीतियों जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'नेट सुरक्षा प्रदाता, ब्लू इकोनॉमी आदि के साथ देखा जाता है।

86.

उत्तर: C

. व्याख्या:

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन करने के लिये संसद ने चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 पारित किया तथा धारा 23(4) को लोक प्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1950 में शामिल किया गया।
- मतदाता सूची डेटा और मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिये चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 पेश किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- 'सेवा मतदाताओं की पत्नियों' के पंजीकरण की भाषा को अब 'पति/पत्नी' शब्द से प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।
- इसका मूल उद्देश्य मतदाताओं के दोहराव की समस्या को समाप्त करना है, जैसे कि प्रवासी श्रमिक जो विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में एक से अधिक बार पंजीकृत हो जाते हैं या एक ही निर्वाचन क्षेत्र में कई बार पंजीकृत व्यक्तियों के लिये यह संशोधन किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- मतदाता पहचान के साथ आधार डेटा को जोड़ने से दूरस्थ मतदान की अनुमति मिलेगी यह एक ऐसा उपाय है जो प्रवासी मतदाताओं की सहायता कर सकता है।

87.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नमामि गंगे कार्यक्रम एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे जून 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 'प्रमुख कार्यक्रम' के रूप में अनुमोदित किया गया था ताकि प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन और राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण एवं कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रीय गंगा परिषद (NGC) ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) का स्थान लिया।
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रीय गंगा परिषद का गठन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986 के तहत किया गया था।

88.

उत्तर: D

व्याख्या:

- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (SIH) की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी।
- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को हल करने के लिये एक मंच प्रदान करती है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार पारितंत्र और समस्या-समाधान की दृष्टिकोण का विकास करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन शिक्षा मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE), पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और इंटर इंस्टीट्यूशनल इनक्लूसिव इनोवेशन सेंटर (i4C) की एक पहल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

89.

उत्तर: D

व्याख्या:

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SBM-G):

- इसे वर्ष 2014 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने के प्रयासों में तेज़ी लाने और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के लिये लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य स्वच्छ और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। अत: कथन 1 सही है।
- मिशन को राष्ट्रव्यापी अभियान/जनांदोलन के रूप में लागू किया गया था जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच को समाप्त करना था।

- स्वच्छ भारत मिशन (G) चरण- I:
- भारत में 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरुआत के समय ग्रामीण स्वच्छता कवरेज 38.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी।
- इस मिशन के अंतर्गत 10 करोड़ से ज़्यादा व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया जिसके परिमाणस्वरूप सभी राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वयं को 2 अक्तूबर, 2019 को ODF घोषित कर दिया।
- खुले में शौच मुक्त स्थिति:
  - ODF: किसी क्षेत्र को ODF के रूप में अधिसूचित या घोषित किया जा सकता है यदि दिन के किसी भी समय, एक भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं करता है।
  - ODF+: एक शहर को ODF+ घोषित किया जा सकता है, यदि किसी दिन किसी भी व्यक्ति को खुले में शौच और/या पेशाब करते हुए नहीं पाया जाता है और सभी सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - ODF++: एक शहर को ODF++ घोषित किया जा सकता है, यदि वह पहले से ही ODF+ स्थिति में है और वहाँ मल कीचड़/सेप्टेज (Faecal sludge/Septage) और नालियों का सुरक्षित रूप से प्रबंधन तथा उपचार किया जाता है एवं किसी प्रकार के अनुपचारित कीचड़/सेप्टेज (Sludge/Septage) और नालियों की निकासी जल निकायों या खुले क्षेत्रों के नालों में नहीं होती है।

90.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विज्ञान ज्योति योजना हाई स्कूल में मेधावी लड़कियों के लिये विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) को उनकी उच्च शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिये एक समान अवसर प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'विज्ञान ज्योति' को वर्ष 2019-20 में स्कूल स्तर पर शुरू किया गया था, जिसमें कक्षा 9-12 की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा में STEM पाठ्यक्रमों को और इसमें कॅरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विज्ञान ज्योति कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- DST विभिन्न महिला केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) डोमेन में लैंगिक समानता लाने के लिये सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

91.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने सेवा भारती और युवा विकास सोसायटी के साथ साझेदारी में ग्रामीण उद्यमी परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। अत: कथन 1 सही है।
- इस पहल का लक्ष्य भारत के युवाओं को बहु-कौशल प्रदान करना और उन्हें उपयोगी कौशल सिखाना है जो उन्हें आजीविका के लिये सक्षम बनाएगा।
- कौशल विकास और उद्यम मंत्रालय (MSDE) के तत्वावधान में NSDC ने सेवा भारती केंद्र कौशल विकास केंद्र में सेक्टर कौशल परिषदों (SSCs) के माध्यम से प्रयोगशालाओं और कक्षाओं की स्थापना का समर्थन किया है।
- इस प्रयास से आदिवासी आबादी को आर्थिक सशक्तीकरण किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

92.

उत्तर: D

व्याख्या:

- जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर घर के लिये नल से जल की पहुँच सुनिश्चित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- कार्यक्रम अनिवार्य तत्त्वों के रूप में स्रोत स्थिरता उपायों को भी लागू करेगा, जैसे कि भू-जल प्रबंधन, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन के माध्यम से पुनर्भरण और पुन: उपयोग। अत: कथन 2 सही है।
- हर घर नल से जल कार्यक्रम की घोषणा वित्त मंत्री ने वर्ष 2019-20 के बजट में की थी। यह जल जीवन मिशन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।
- इसका मिशन ग्राम पंचायतों (GP)/ग्रामीण समुदायों को अपने गाँव में जलापूर्ति प्रणाली की योजना, कार्यान्वयन, प्रबंधन, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव के लिए सहायता और सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 4 सही है।

93.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत सरकार ने भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2022 का मसौदा तैयार किया है। यह मसौदा 110 वर्ष से अधिक पुराने भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 को प्रतिस्थापित कर देगा। अत: कथन 1 सही है।

- प्रमुख बंदरगाह भारतीय संविधान की संघ सूची के अंतर्गत आते हैं तथा भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 और प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के तहत प्रशासित होते हैं।
  - सभी छोटे बंदरगाह, भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत शासित हैं और राज्य सरकारों के स्वामित्व और प्रबंधन में हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्र सरकार ने बंदरगाह निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं के लिये स्वचालित मार्ग के तहत 100% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति प्रदान की है। अत: कथन 3 सही है।

94.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नीति आयोग की शासी परिषद, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतियों की एक साझा दृष्टि विकसित करने के लिये विश्वसनीय निकाय है।
  - यह अंतर-क्षेत्रीय, अंतर-विभागीय और संघीय मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच है। अत: कथन 1 सही है।
- सम्मिलित सदस्य:
  - भारत के प्रधानमंत्री।
  - विधायिका के साथ सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री।
  - अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।
  - पदेन सदस्य; नीति आयोग के उपाध्यक्ष; नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य;
  - विशेष आमंत्रित सदस्य।
  - अत: कथन 2 सही है।

95.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (NIPAM) का उद्देश्य 10 लाख छात्रों को बौद्धिक संपदा और उसके अधिकारों के बारे में जागरूकता प्रदान करना है।
  - इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा (कक्षा 8 से 12) के छात्रों में रचनात्मकता और नवाचार की भावना का विकास करना तथा कॉलेज/विश्वविद्यालयों के छात्रों को उनके नवाचार की रक्षा करने के लिये प्रेरित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- क्रियान्वयन एजेंसी:
  - यह कार्यक्रम बौद्धिक संपदा कार्यालय, पेटेंट, डिज़ाइन और व्यापार चिह्न महानियंत्रक कार्यालय (CGPDTM), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- प्राप्त लक्ष्य:
  - 08 दिसंबर 2021 से 31 जुलाई 2022 की अवधि के दौरान, निम्नलिखित लक्ष्य हासिल किये गए:
    - बौद्धिक संपदा पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों (छात्रों/संकाय) की संख्या: 10,05,272
    - कवर किये गए शैक्षणिक संस्थान: 3,662
    - भौगोलिक कवरेज: 28 राज्य और 7 केंद्रशासित प्रदेश

96.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अप्रैल 2022 में संसद से पारित होने के बाद आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 लागू हो गया है।
  - यह पुलिस को अपराधियों के साथ-साथ अपराधों के आरोपियों के शारीरिक और जैविक नमूने लेने के लिये कानूनी मंज़ूरी प्रदान करता है।
    - अत: कथन 1 सही है।
- दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 की धारा 53 या धारा 53A के तहत पुलिस डेटा एकत्र कर सकती है।
  - CrPC आपराधिक कानून के प्रक्रियात्मक पहलुओं के संबंध में प्राथमिक कानून है। अत: कथन 2 सही है।

97.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अप्रैल 2022 में संसद से पारित होने के बाद आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 लागू हो गया है।
  - यह पुलिस को अपराधियों के साथ-साथ अपराधों के आरोपियों के शारीरिक और जैविक नमूने लेने के लिये कानूनी मंज़ूरी प्रदान करता है।
    - अत: कथन 1 सही है।
- दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 की धारा 53 या धारा 53A के तहत पुलिस डेटा एकत्र कर सकती है।
  - CrPC आपराधिक कानून के प्रक्रियात्मक पहलुओं के संबंध में प्राथमिक कानून है। अत: कथन 2 सही है।

98.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मॉडल टेनेंसी एक्ट, 2021 का उद्देश्य परिसर के किराये को विनियमित करने और ज़मींदारों तथा किरायेदारों के हितों की रक्षा

करने के लिये एवं विवादों तथा उससे जुड़े मामलों या संबंधित मामलों के समाधान हेतु त्वरित न्यायनिर्णयन तंत्र प्रदान करने के लिये किराया प्राधिकरण की स्थापना करना है।

- इसका उद्देश्य देश में एक जीवंत, टिकाऊ और समावेशी रेंटल हाउसिंग मार्केट बनाना है।
- यह सभी आय समूहों के लिये पर्याप्त किराये के आवासों के निर्माण को सक्षम करेगा जिससे बेघरों की समस्या का समाधान होगा।
- यह धीरे-धीरे औपचारिक बाज़ार की ओर स्थानांतरित होकर किराये के आवास के संस्थागतकरण को सक्षम करेगा।

- प्रमुख प्रावधान:
  - इसके लिये संपत्ति के मालिक और किरायेदार के बीच लिखित समझौता होना अनिवार्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह अधिनियम किरायेदारी समझौतों के पंजीकरण के लिये हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में एक स्वतंत्र प्राधिकरण स्थापित करता है तथा यहाँ तक कि किरायेदारी संबंधी विवादों को सुलझाने हेतु एक अलग अदालत भी स्थापित करता है।
  - इस अधिनियम में किरायेदार की एडवांस सिक्योरिटी डिपॉज़िट (Advance Security Deposit) को आवासीय उद्देश्यों के लिये अधिकतम दो महीने के किराये और गैर-आवासीय उद्देश्यों हेतु अधिकतम छह महीने तक सीमित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - मकान मालिक संरचनात्मक मरम्मत (किरायेदार की वजह से हुई क्षति को नहीं) जैसे- दीवारों की सफेदी, दरवाज़ों और खिड़कियों की पेंटिंग आदि जैसी गतिविधियों के लिये ज़िम्मेदार होगा।
  - किरायेदार नाली की सफाई, स्विच और सॉकेट की मरम्मत, खिड़कियों में काँच के पैनल को बदलने, दरवाज़ों एवं बगीचों तथा खुले स्थानों के रखरखाव आदि के लिये ज़िम्मेदार होगा।
  - मकान मालिक को मरम्मत या प्रतिस्थापन करने के लिये किराये के परिसर में प्रवेश करने से पहले 24 घंटे पूर्व सूचना देनी होगी। अत: कथन 3 सही है।
  - यदि किसी मकान मालिक ने रेंट एग्रीमेंट में बताई गई सभी शर्तों को पूरा किया है जैसे- नोटिस देना आदि और किरायेदार किराये की अवधि या समाप्ति पर परिसर को खाली करने में विफल रहता है, तो मकान मालिक मासिक किराये को दोगुना करने का हकदार है।

99.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इसका निर्माण भारत अनुदान सहायता से मालदीव के अड्डू शहर में किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके उद्घाटन के अवसर पर मालदीव पुलिस सेवा और भारत की सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (SVPNPA) द्वारा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
- यह एक पुलिस प्रशिक्षण अकादमी है जो कानून प्रवर्तन क्षमताओं को मज़बूत करेगी और मादक पदार्थों की तस्करी का सामना करेगी, जो भारत और मालदीव के बीच एक प्रमुख चिंता का विषय है। इस प्रशिक्षण अकादमी का एक अन्य उद्देश्य हिंसक उग्रवाद की चुनौतियों का समाधान करना और कट्टरपंथ को रोकना भी है। अत: कथन 2 सही है।
- इस पुलिस प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना पर काफी समय से काम चल रहा था, जिसकी पहली घोषणा वर्ष 2015 में अब्दुल्ला यामीन की अध्यक्षता के दौरान की गई थी।

100.

उत्तर: D

व्याख्या:

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)

- ABDM राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र है जो सूचना और बुनियादी ढाँचा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के प्रावधान के माध्यम से कुशल, सुलभ, समावेशी और किफायती तरीके से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का समर्थन करता है।
  - इसका उद्देश्य देश के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने के लिये आवश्यक संसाधनों का विकास करना है। अत: कथन 1 सही है।
- स्वास्थ्य सेवा वितरण के डिजिटलीकरण की दिशा में यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण भारत को सबसे प्रभावी, कुशल और किफायती तरीके से सभी के लिये स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।
  - हाल ही में अतिरिक्त 12 स्वास्थ्य सेवा अनुप्रयोगों को ABDM सैंडबॉक्स वातावरण के विभिन्न महत्त्वपूर्ण हिस्सों से जोड़ा गया है।
- इस सूची में अब 20 सरकारी और 32 निजी क्षेत्र के अनुप्रयोग शामिल हो गए हैं। अत: कथन 2 सही है
- ABHA मोबाइल ऐप का उपयोग रोगियों द्वारा अपनी चिकित्सा जानकारी को नियंत्रित करने और एक्सेस करने के साथ-साथ इसे स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ साझा करने के लिये किया जाता है।

- यह ऐप सुरक्षित पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड (PHR) प्रणाली द्वारा समर्थित है। अत: कथन 3 सही है।

101.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अटल इनक्यूबेशन सेंटर (AIC) भारत में स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिये सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाते हुए नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने हेतु अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग की एक पहल है। अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।
  - प्रत्येक AIC को 5 वर्षों की अवधि में 10 करोड़ रूपए तक का अनुदान दिया जाता है।
- वर्ष 2016 से AIM ने 18 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 68 अटल इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किये हैं, जिन्होंने 2700 से अधिक स्टार्टअप का समर्थन किया है।

102.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा योजना की मुख्य विशेषताएँ:
  - एक लचीले पाठ्यक्रम के साथ समग्र स्नातक शिक्षा इस अवधि के भीतर कई निकास विकल्पों और उपयुक्त प्रमाणन के साथ 3 या 4 साल की हो सकती है।
  - एम.फिल पाठ्यक्रम बंद कर दिए जाएंगे और स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के सभी पाठ्यक्रम अब अंत:विषय होंगे। अत: कथन 1 सही है।
  - क्रेडिट के हस्तांतरण की सुविधा के लिये अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना की जाएगी।
  - बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERU), IITs, IIMs के समान देश में वैश्विक मानकों की सर्वोत्तम बहु-विषयक शिक्षा के मॉडल के रूप में स्थापित किये जाएंगे।
  - राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान को मज़बूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा में अनुसंधान क्षमता के निर्माण के लिये शीर्ष निकाय के रूप में बनाया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
  - भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (HECI) को चिकित्सा और कानूनी शिक्षा को छोड़कर, संपूर्ण उच्च शिक्षा के लिये एकल निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - सार्वजनिक और निजी उच्च शिक्षा संस्थान विनियमन, मान्यता और शैक्षणिक मानकों के लिये समान मानदंडों द्वारा शासित होंगे। इसके अलावा HECI के चार स्वतंत्र निकाय होंगे, अर्थात्,
- विनियमन के लिये राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नियामक परिषद (NHERC),
- मानक निर्धारण हेतु सामान्य शिक्षा परिषद (GEC),
- वित्त पोषण हेतु उच्च शिक्षा अनुदान परिषद (HEGC),
- प्रत्यायन हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (NAC)।
  - 15 वर्षों में महाविद्यालयों की संबद्धता को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना है और महाविद्यालयों को श्रेणीबद्ध स्वायत्तता प्रदान करने के लिये चरण-वार तंत्र स्थापित किया जाना है।
  - समय के साथ प्रत्येक कॉलेज से या तो स्वायत्त डिग्री-अनुदान कॉलेज, या विश्वविद्यालय के घटक कॉलेज के रूप में विकसित होने की उम्मीद है।

अत: विकल्प C सही है।

103.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) को वर्ष 2020 में कोविड-19 संकट के दौरान केंद्र के आत्मनिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में शुरू किया गया थ। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य देशव्यापी तालाबंदी के कारण अपनी परिचालन देनदारियों को पूरा करने के लिये संघर्ष कर रहे छोटे व्यवसायों का समर्थन करना था।
- नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (NCGTC) द्वारा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (MLI) - बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को 100% गारंटी प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- क्रेडिट उत्पाद जिसके लिये योजना के तहत गारंटी प्रदान की जाएगी, उसका नाम 'गारंटीड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (GECL)' रखा जाएगा।

104.

उत्तर: D

व्याख्या:

- स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अपनी तरह का पहला और सबसे लंबे समय तक चलने वाला तटीय सफाई अभियान है, जिसमें सबसे अधिक संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। अत: कथन 1 सही है।

- इस अभियान का समापन "अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस" (17 सितंबर 2022) पर होगा। अत: कथन 2 सही है।
  - विश्व स्तर पर "अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस" प्रत्येक वर्ष सितंबर के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है।
- इस अभियान के माध्यम से, लोगों के बीच बड़े पैमाने पर व्यवहार परिवर्तन का उद्देश्य इस बारे में जागरूकता बढ़ाना है कि कैसे प्लास्टिक का उपयोग समुद्री जीवन को नष्ट कर रहा है।
- इस अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने और समुद्र तट की सफाई गतिविधि में स्वैच्छिक भागीदारी हेतु आम लोगों को पंजीकरण करने हेतु एक मोबाइल एप "इको मित्रम" लॉन्च किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

105.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह शत प्रतिशत केंद्र द्वारा वित्तपोषित है और केंद्र एवं राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण हेतु तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और कॉर्पोरेट क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (CSR) पहल के लिये उपलब्ध स्वैच्छिक वित्तपोषण का लाभ उठाने के प्रयास किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों के बीच आय के बढ़ते स्रोतों, बेहतर जीवन स्तर और क्षेत्र के समग्र विकास के संदर्भ में उनके लिये पर्यटन के महत्त्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अत: कथन 2 सही है।
- इसे वर्ष 2014-15 में देश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास के लिये शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पंद्रह विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है- बौद्ध सर्किट, तटीय सर्किट, डेज़र्ट सर्किट, इको सर्किट, हेरिटेज सर्किट, हिमालयन सर्किट, कृष्णा सर्किट, नॉर्थ ईस्ट सर्किट, रामायण सर्किट, ग्रामीण सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी सर्किट, तीर्थंकर सर्किट, जनजातीय सर्किट, वन्यजीव सर्किट। अत: कथन 3 सही है।

106.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ब्लू डॉट पहल वैश्विक बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये उच्च गुणवत्ता, विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने हेतु सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाने के लिये जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका के नेतृत्व में बहु-हितधारक पहल है।
  - पहल के तहत भारत-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ सड़कों, बंदरगाहों और पुलों के लिये विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मूल्यांकन एवं प्रमाणन प्रणाली के रूप में काम किये जाने की उम्मीद है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) से सीधे मुकाबले के रूप में नियोजित किया गया है। हालाँकि BRI के विपरीत BDN परियोजनाओं के लिये सार्वजनिक धन या ऋण की पेशकश नहीं करेगा।
  - BDN प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वीकृति के रूप में काम करेगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

107.

उत्तर: D

व्याख्या:

- स्वनिधि (SVANidhi) योजना शहरी क्षेत्रों के 50 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने के लिये शुरू की गई थी, जिनमें आसपास के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शामिल थे।
  - इस योजना को विशेष रूप से छोटे दुकानदारों (ठेले और रेहड़ी-पटरी वाले) के लिये तैयार किया गया है, अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना को केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय (MoHUA) द्वारा शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- अत: विकल्प D सही है।

108.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक केंद्रीय क्षेत्र की सहायता अनुदान योजना है, इसके माध्यम से भारतीय हिमालयी क्षेत्र (IHR) में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्थायी प्रबंधन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने में पारिस्थितिकी तंत्र के घटकों एवं उनके संबंधों की समग्र समझ के माध्यम से आवश्यक ध्यान केंद्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका अंतिम लक्ष्य देश के लिये दीर्घकालिक पारिस्थितिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के हेतु जीवन की गुणवत्ता में सुधार और क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखना है।
- चूँकि मिशन विशेष रूप से भारतीय हिमालयी क्षेत्र (IHR) को लक्षित करता है, NMHS के अधिकार क्षेत्र में 10 हिमालयी राज्य (अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और उत्तराखंड) तथा दो राज्य (असम और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी ज़िले) आंशिक रूप से शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।

- लक्ष्यों में शामिल हैं:
- प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत् प्रबंधन को बढ़ावा देना;
- पूरक और/या वैकल्पिक आजीविका और क्षेत्र के समग्र आर्थिक कल्याण में वृद्धि;
- क्षेत्र में प्रदूषण को नियंत्रित करना और रोकना;
- क्षेत्र में मानव और संस्थागत क्षमताओं तथा ज्ञान एवं नीतिगत वातावरण में वृद्धि करना,
- जलवायु-अनुकूल मूल बुनियादी ढाँचे और बुनियादी सेवाओं के विकास को मज़बूत करना तथा उन्हें हरा-भरा करना व बढ़ावा देना।

109.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 2021 में संसद ने 20 सप्ताह तक के गर्भधारण के लिये एक डॉक्टर की सलाह के आधार पर गर्भपात की अनुमति देने के लिये कानून में बदलाव किया। अत: कथन 1 सही है।
  - संशोधित कानून के तहत 20 से 24 सप्ताह के बीच गर्भधारण के लिये दो डॉक्टरों की सलाह की आवश्यकता होती है।
  - इसके अलावा 20 से 24 सप्ताह के बीच गर्भधारण के लिये नियम महिलाओं की सात श्रेणियों को निर्दिष्ट करते हैं जो MTP अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों की धारा 3 बी के तहत गर्भ के चिकित्सकीय समापन की मांग करने के लिये पात्र होंगी।

यौन हमले या बलात्कार की स्थिति में

- अवयस्क
- विधवा और तलाक होने जैसी परिस्थितियों अर्थात् वैवाहिक स्थिति में बदलाव के समय की गर्भावस्था
- शारीरिक रूप से विकलांग महिलाएँ (विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रमुख विकलांगता)
- मानसिक मंदता सहित मानसिक रूप से बीमार महिलाएँ
- भ्रूण की विकृति जिसमें जीवन के साथ असंगत होने का पर्याप्त जोखिम होता है या यदि बच्चा पैदा होता है तो वह गंभीर रूप से विकलांग, शारीरिक या मानसिक असामान्यताओं से पीड़ित हो सकता है,
- मानवीय आधार या आपदाओं या आपात स्थितियों में गर्भावस्था वाली महिलाएँ।
- अत: कथन 2 सही है।

110.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक पहल है और नीति आयोग द्वारा शुरू नहीं की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सघन मिशन इंद्रधनुष विश्व स्तर पर सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम है जहाँ यह सालाना तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ बच्चों को सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के माध्यम से कवर करता है। अत: कथन 2 सही है।
- सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के एक हिस्से के रूप में, यह 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करके बच्चों और गर्भवती महिलाओं में मृत्यु दर और रुग्णता को रोकता है, लेकिन इसमें कोविड -19 वैक्सीन शामिल नहीं है, इसलिए कथन 3 सही नहीं है।

111.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मिशन शक्ति एक एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम है जिसे कार्यान्वयन हेतु महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये एक अंब्रेला योजना के रूप में शुरू किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- 'मिशन शक्ति' को 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- मिशन शक्ति के घटक:
  - संबल:
    - यह महिलाओं के समर्थन और सुरक्षा के लिये है।
- इसमें वन स्टॉप सेंटर (OSC), महिला हेल्पलाइन (WHL), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) की योजनाएँ शामिल हैं, जिसमें नारी अदालतों (Nari Adalats) की महिलाओं के समूह के एक नए घटक के साथ वैकल्पिक विवाद समाधान और समाज तथा परिवारों के भीतर लैंगिक न्याय को बढ़ावा देना तथा सुविधा प्रदान करना शामिल है।.अत: कथन 3 सही है।
  - सामर्थ्य:
    - यह योजना महिला सशक्तीकरण के लिये है।
    - इसमें उज्ज्वला, स्वाधार गृह और वर्किंग वुमन हॉस्टल की पूर्ववर्ती योजनाएँ शामिल हैं जिन्हें संशोधनों के साथ शामिल किया गया है।
- इसके अलावा कामकाजी माताओं के बच्चों के लिये राष्ट्रीय क्रेच योजना और एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) अम्ब्रेला

योजना के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) की मौजूदा योजनाओं को अब सामर्थ्य योजना में शामिल किया गया है।

- सामर्थ्य योजना में आर्थिक सशक्तीकरण के लिये गैप फंडिंग (Gap Funding for Economic Empowerment) का एक नया घटक भी जोड़ा गया है।

112.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना को लेकर राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किये थे।
- दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि तक पहुँच प्राप्त करने के लिये राज्य योजना का मूल नाम नहीं बदल सकते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे 60:40 के अनुपात में फंड-शेयरिंग पैटर्न के साथ राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ साझेदारी में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
  - हालाँकि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिये केंद्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का हिस्सा 90:10 में होगा।
- MVS, राज्यों और ज़िलों के साथ साझेदारी में बच्चों के लिये 24×7 हेल्पलाइन सेवा को क्रियान्वित करेगा, जैसा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत परिभाषित किया गया है।
- यह राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों (SARA) का समर्थन करेगा जो देश में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने और अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करने में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) का समर्थन करेगा। अत: कथन 3 सही है।
- मिशन की योजना परित्यक्त और अवैध व्यापार किये गए बच्चों को प्राप्त करने के लिये प्रत्येक क्षेत्र में कम-से-कम एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में पालना शिशु स्वागत केंद्र स्थापित करने की है।
- देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को लिंग (ट्रांसजेंडर बच्चों के लिये अलग घरों सहित) और उम्र के आधार पर अलग-अलग घरों में रखा जाएगा।

113.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्टैंडअप इंडिया योजना अप्रैल 2016 में शुरू की गई थी ताकि आर्थिक सशक्तीकरण और रोज़गार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए ज़मीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उद्यमियों जैसे क्षेत्रों तक पहुँच के लिये संस्थागत ऋण संरचना का लाभ उठाना है।
- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और / या 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला उद्यमी इस योजना के तहत पात्र हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना के तहत ऋण केवल ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

114.

उत्तर: B

व्याख्या:

विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA):

- हाल ही में गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - मंत्रालय ने नवंबर 2020 में FCRA नियमों को सख्त बना दिया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि गैर-सरकारी संगठन (NGO) जो सीधे किसी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बंद, हड़ताल या सड़क अवरोधों जैसी राजनीतिक कार्रवाई में संलग्न हैं, को राजनीतिक प्रकृति का माना जाएगा यदि वे सक्रिय राजनीति या दलीय राजनीति में भाग लेते हैं।
  - कानून के अनुसार, धन प्राप्त करने वाले सभी गैर-सरकारी संगठनों को FCRA के तहत पंजीकृत होना होगा।
- गृह मंत्रालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि सभी गैर-सरकारी संगठनों (NGO) को संशोधित विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम के तहत नई दिल्ली में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में खाता खोलने के प्रावधान को अनिवार्य बनाया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- FCRA 1976 में आपातकाल के दौरान इस आशंका के माहौल में अधिनियमित किया गया था कि विदेशी शक्तियाँ स्वतंत्र संगठनों के माध्यम से धन भेजकर भारत के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं।
- इन चिंताओं को संसद में वर्ष 1969 में ही व्यक्त कर दिया गया था।
- कानून ने व्यक्तियों और संघों को विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की ताकि वे "एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप" कार्य कर सकें।

115.

उत्तर: D

व्याख्या:

जमानत के संबंध में भारत का कानून:

- CrPC जमानत शब्द को परिभाषित नहीं करता है, लेकिन भारतीय दंड संहिता के तहत अपराधों को 'जमानती' और 'गैर-जमानती' के रूप में वर्गीकृत करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है ।

- CrPC जमानती अपराधों के लिये न्यायाधीशो को जमानत देने का अधिकार देता है। अत: कथन 1 सही है ।
  - इसमें जमानतनामा या जमानत बॉण्ड प्रस्तुत न करने पर भी रिहाई होगी।
- गैर-जमानती अपराध के मामले में एक न्यायाधीश ही यह निर्धारित करेगा कि आरोपी जमानत पर रिहा होने के योग्य है या नहीं।
- गैर-जमानती अपराध संज्ञेय हैं जो पुलिस अधिकारी को बिना वारंट के गिरफ्तार करने में सक्षम बनाता है। अत: कथन 3 सही है ।
  - दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 436 में कहा गया है कि PC के तहत एक जमानती अपराध के आरोपी व्यक्ति को जमानत दी जा सकती है। दूसरी ओर दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 437 में कहा गया है कि गैर-जमानती अपराधों में आरोपी को जमानत का अधिकार नहीं है। गैर-जमानती अपराधों के मामले में जमानत देना अदालत का विवेकाधिकार है।

116.

उत्तर: D

व्याख्या:

- महिला और बाल विकास मंत्रालय ने देश के सभी ज़िलों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना का विस्तार किया है।
- मंत्रालय ने अब जन्म के समय लिंगानुपात (SRB) में प्रतिवर्ष 2 अंकों के सुधार और संस्थागत प्रसव में 95% या उससे अधिक सुधार का लक्ष्य रखा है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2021 में महिलाओं के सशक्तीकरण पर संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि BBBP योजना में लगभग 80% धन का उपयोग विज्ञापनों के लिये किया गया है, न कि महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर।
- यह योजना शून्य-बजट विज्ञापन और ज़मीनी प्रभाव वाली गतिविधियों पर अधिक खर्च को प्रोत्साहित कर रही है। अत: कथन 2 सही है।
- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। अत: कथन 3 सही है।

117.

उत्तर: A

व्याख्या:

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAYU):

- यह आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा लागू किये जा रहे शहरी आवास हेतु सरकार के मिशन - 2022 तक सभी के लिये आवास के अंतर्गत आता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह EMI (समान मासिक किस्तों) के माध्यम से पुनर्भुगतान के दौरान गृह ऋण की ब्याज़ दर पर सब्सिडी प्रदान करके शहरी गरीबों के लिये गृह ऋण को किफायती बनाता है।
- लाभार्थी:
  - यह मिशन आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/निम्न आय वर्ग (EWS/LIG) और मध्यम आय वर्ग (MIG) श्रेणियों के बीच झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों के बीच शहरी आवास की कमी को संबोधित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

118.

उत्तर: D

व्याख्या:

- तपस मजूमदार समिति (1999) ने अनुच्छेद 21ए को शामिल किया।
  - वर्ष 1993 में उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार शिक्षा अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
  - 2002 में भारत के संविधान में 86वें संशोधन ने शिक्षा के अधिकार को संविधान के भाग-III में मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- शिक्षा का अधिकार 6-14 वर्ष के बच्चों के लिये मौलिक अधिकार है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - 1 अप्रैल 2010 को अधिनियम लागू होने पर भारत शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार बनाने वाले 135 देशों में से एक बन गया।
  - RTE अधिनियम के शीर्षक में 'नि:शुल्क और अनिवार्य' शब्द शामिल हैं।

119.

उत्तर: C

व्याख्या:

दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM):

- डीएवाई-एनयूएलएम (DAY-NULM) एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 2014-15 से लागू किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही है।
- दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय आजीविका मिशन (DAY-NULM) को वर्ष 2011 में ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD), भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों के लिये कुशल और प्रभावी संस्थागत मंच तैयार करना है ताकि वे स्थायी आजीविका और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुँच के माध्यम से घरेलू आय में वृद्धि कर सकें।
- मुख्य विशेषताएँ:
  - डीएवाई-एनआरएलएम (DAY-NRLM) विशेष विशेष रूप से सुभेद्य समुदायों और उनके वित्तीय समावेशन को लक्षित करने पर केंद्रित है।
  - DAY-NRLM पंचायती राज संस्थानों (PRIs) और समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) के बीच परामर्श के लिये पारस्परिक रूप से लाभप्रद कार्य संबंध और औपचारिक मंच प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।
  - NRLM ने हस्तक्षेप के विभिन्न क्षेत्रों में अभिसरण की सुविधा के लिये गतिविधि मानचित्र भी विकसित किया है जहाँ NRLM संस्थान और PRIs एक साथ कार्य कर सकते हैं जिसे सभी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों में प्रसारित किया गया है।

120.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को एक कंप्यूटर संसाधन के रूप में परिभाषित करता है, जिसकी अक्षमता या विनाश का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा पर दुर्बल प्रभाव पड़ेगा।
  - सरकार, 2000 के आईटी अधिनियम के तहत, उस डिजिटल संपत्ति की रक्षा के लिये किसी भी डेटा, डेटाबेस, आईटी नेटवर्क या संचार बुनियादी ढाँचे को CII के रूप में घोषित करने की शक्ति रखती है।. अत: कथन 1 सही नहीं है।
- CII प्रणाली की सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी उस CII संचालन एजेंसी होगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (NCIIPC) देश की महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना की सुरक्षा के लिये सभी उपाय करने के लिये नोडल एजेंसी है। अत: कथन 3 सही है।

121.

उत्तर: B

व्याख्या:

वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC):

- परिचय:
  - ONORC योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत लागू की जा रही है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस योजना के तहत प्रवासी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (Migratory National Food Security Act- NFSA), 2013 के लाभार्थी देश में कहीं भी अपनी पसंद के किसी भी उचित मूल्य की दुकान (Fair Price Shop- FPS) से अपने हिस्से के खाद्यान्न कोटे की खरीद कर सकते हैं।
  - यह प्रणाली उनके परिवार के सदस्यों को घर पर यदि कोई हो तो उसे राशन कार्ड पर शेष खाद्यान्न का दावा करने की अनुमति देती है।
  - ONORC का कार्यान्वयन अगस्त 2019 में शुरू किया गया था।
- सरकार ने ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लिकेशन भी शुरू किया है।
  - मोबाइल ऐप लाभार्थियों को उपयोगी रीयल-टाइम जानकारी प्रदान करता है और 13 भाषाओं में उपलब्ध है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग इस अधिनियम को लागू करने के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 3 सही है।

122.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अमृत सरोवर मिशन 24 अप्रैल 2022 को जल संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
  - मिशन का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के रूप में देश के प्रत्येक ज़िले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - कुल मिलाकर इससे लगभग एक एकड़ या उससे अधिक आकार के 50,000 जलाशयों का निर्माण होगा।
- मिशन आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के एक भाग के रूप में इन प्रयासों को पूरा करने के लिये नागरिक और गैर-सरकारी संसाधनों को जुटाने को प्रोत्साहित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) को मिशन के लिये तकनीकी भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- मिशन अमृत सरोवर को 15 अगस्त 2023 तक पूरा किया जाना है। देश में करीब 50,000 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं।
  - इनमें से प्रत्येक अमृत सरोवर 10,000 घन मीटर की जल धारण क्षमता के साथ 1 एकड़ क्षेत्र में होगा।

- प्रत्येक 15 अगस्त को प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण का आयोजन किया जाएगा।

123.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत गौरव पहल नवंबर 2021 में शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत अब ट्रेनों में पर्यटन के लिये तीसरा अनुभाग स्थापित किया जाएगा। अब तक रेलवे के पास यात्री अनुभाग और माल अनुभाग थे। अत: कथन 1 सही है।
- ये नियमित ट्रेनें नहीं हैं जो एक समय सारिणी के अनुसार चलेंगी बल्कि आईआरसीटीसी (IRCTC) द्वारा चलाई जा रही रामायण एक्सप्रेस की तर्ज पर संचालित की जाएंगी। अत: कथन 2 सही है।
- थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट ट्रेनों के तहत इसकी घोषणा की गई। इन ट्रेनों को थीम आधारित सर्किट में निजी भागीदारों और IRCTC दोनों द्वारा चलाया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।

124.

उत्तर: B

व्याख्या:

अग्निपथ योजना::

- यह देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा और युवा कुछ समय के लिये सेना में भर्ती हो सकेंगे।
- नई योजना के तहत लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की सालाना भर्ती की जाएगी और अधिकांश केवल चार वर्षों में सेवा छोड़ देंगे।
- हालाँकि चार साल के बाद बैच के केवल 25% को ही 15 साल की अवधि के लिये उनकी संबंधित सेवाओं में वापस भर्ती किया जाएगा।
- 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के बीच के उम्मीदवार आवेदन करने के लिये पात्र होंगे। अत: कथन 2 सही है।

125.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY) भारत सरकार द्वारा घोषित एक सेवानिवृत्ति और बीमा पॉलिसी-सह-पेंशन योजना है। यह योजना सरकार द्वारा अनुदानित है तथा मई 2017 में शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- PMVVY पर कोई वस्तु एवं सेवा कर (GST) नहीं लगाया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना को भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से एकमुश्त खरीद मूल्य का भुगतान करके ऑफफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है, जिसे इस योजना को संचालित करने का एकमात्र विशेषाधिकार दिया गया है। अत: कथन 3 सही है।
- आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिये। PMVVY योजना के लिये कोई विशिष्ट पात्रता मानदंड नहीं हैं, सिवाय इसके कि ग्राहक एक वरिष्ठ नागरिक होना चाहिये, अर्थात् (60 वर्ष से अधिक आयु)। अत: कथन 4 सही नहीं है।

126.

उत्तर: D

व्याख्या.

- भारतीय रेलवे ने सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिये "मेरी सहेली" पहल शुरू की है।
- इसे प्रारंभिक स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक की पूरी यात्रा के लिये ट्रेनों से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
- अत: विकल्प D सही है।

127.

उत्तर: D

व्याख्या:

- गोवा मुक्ति दिवस भारतीय सैन्य बलों द्वारा पुर्तगाली शासित गोवा के विलय की याद दिलाता है। इस दिन भारत भी यूरोपीय शासन से पूरी तरह मुक्त हो गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
- असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

128.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य उन ज़िलों को बदलना है जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति की है।
  - आकांक्षी ज़िले भारत के वे ज़िले हैं जो खराब सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं। अत: कथन 1 सही है।

- कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा:
- अभिसरण (केंद्र और राज्य की योजनाओं का)
- सहयोग (केंद्रीय, राज्य स्तरीय 'प्रभारी' अधिकारियों और ज़िला कलेक्टरों का),
- मासिक डेल्टा रैंकिंग के माध्यम से ज़िलों के बीच प्रतिस्पर्द्धा।
- ADP का उद्देश्य:
  - यह प्रत्येक ज़िले की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है, एवं तत्काल सुधार के लिये प्रभावी कारकों की पहचान करता है और मासिक आधार पर ज़िलों की रैंकिंग करके प्रगति को मापता है।
  - "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" (Sabka Saath Sabka Vikas aur Sabka Vishwas) के अपने नारे के साथ सरकार अपने नागरिकों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सभी के लिये समावेशी विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है ।
  - ADP अनिवार्य रूप से सतत् विकास लक्ष्यों को स्थानिक बनाने के उद्देश्य से है, जिससे राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित की जा सके। अत: कथन 2 सही है।

129.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत गौरव योजना एक थीम-आधारित टूरिस्ट सर्किट ट्रेन है, इन ट्रेनों को थीम आधारित सर्किट में निजी भागीदारों और IRCTC दोनों द्वारा चलाया जाएगा।
- इस योजना के तहत अब ट्रेनों में पर्यटन के लिये तीसरा अनुभाग स्थापित किया जाएगा। अब तक रेलवे के पास यात्री अनुभाग और माल अनुभाग थे।
- ये नियमित ट्रेनें नहीं हैं जो एक समय सारिणी के अनुसार चलेंगी बल्कि आईआरसीटीसी (IRCTC) द्वारा चलाई जा रही रामायण एक्सप्रेस की तर्ज पर संचालित की जाएंगी। अत: विकल्प D सही है।

130.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में भारत सरकार ने तीनों सेवाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में सैनिकों की भर्ती के लिये अग्निपथ योजना का अनावरण किया है।
  - अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों में चार साल की अवधि के लिये सेवा करने हेतु सालाना लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की भर्ती की जाएगी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - हालाँकि चार साल के बाद बैच के केवल 25% को ही 15 साल की अवधि के लिये उनकी संबंधित सेवाओं में वापस भर्ती किया जाएगा।
- सेना में शामिल होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - 4 साल की सेवा पूरी होने पर अग्निवीरों को 11.71 लाख रुपए की एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज का भुगतान किया जाएगा जिसमें उनका अर्जित ब्याज शामिल होगा।

131.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शस्त्र अधिनियम, 1959 का उद्देश्य भारत में हथियारों और गोला-बारूद के अधिग्रहण, कब्ज़े, निर्माण, बिक्री, आयात, निर्यात और परिवहन से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल करना है।
- गैरकानूनी निर्माण, बिक्री और हस्तांतरण के लिये कम-से-कम सात साल की कैद की सज़ा दी जा सकती है, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में बंदूक का लाइसेंस प्राप्त करने हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- लाइसेंस की वैधता को वर्तमान 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया गया है।

132.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2004 से (सशस्त्र बलों को छोड़कर) NPS की शुरुआत की गई।
- वर्ष 2018 में इसे सुव्यवस्थित करने तथा और अधिक आकर्षक बनाने के लिये केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने हेतु योजना में बदलाव को मंज़ूरी दी।.
- एनपीएस मई 2009 से भारत के सभी नागरिकों के लिये उपलब्ध है।
- 18-65 वर्ष के आयु वर्ग में भारत का कोई भी नागरिक (निवासी और अनिवासी दोनों) एनपीएस में शामिल हो सकता है।अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि OCI (भारत के प्रवासी नागरिक) और PIO (भारतीय मूल के व्यक्ति) कार्डधारक तथा हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) NPS खाते खोलने के लिये पात्र नहीं हैं।

- एनपीएस को देश में पीएफआरडीए द्वारा कार्यान्वित और विनियमित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- पीएफआरडीए द्वारा स्थापित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट (National Pension System Trust) एनपीएस के तहत आने वाली सभी संपत्तियों का पंजीकृत मालिक है।

133.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह सभी मछुआरों, मत्स्य किसानों और संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिये पूर्व-निर्धारित समुद्री मार्ग के माध्यम से सभी तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित की जाने वाली एक नेविगेशन यात्रा है। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी परिकल्पना हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों, नाविकों और मछुआरों का सम्मान करते हुए 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में की गई है। अत: कथन 2 सही है।
- परिक्रमा पहले चरण में मांडवी, गुजरात से शुरू होगी और बाद के चरणों में गुजरात के अन्य ज़िलों और अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी।
  - 'सागर परिक्रमा' का पहला चरण मांडवी से 5 मार्च, 2022 को शुरू होगा और 6 मार्च, 2022 को पोरबंदर में समाप्त होगा।
  - रुक्मावती नदी मध्य कच्छ ज़िले से निकलकर दक्षिण की ओर बहने वाली नदी है और अरब सागर में मिल जाती है।
  - गुजरात के कच्छ ज़िले में अरब सागर तट के मुहाने पर स्थित मांडवी से शुरू होकर, जहाँ रुक्मावती नदी कच्छ की खाड़ी में मिलती है, यह पूरी दूरी समुद्री मार्ग से तय की जाएगी।
  - रुक्मावती नदी मध्य कच्छ ज़िले से निकलने वाली और दक्षिण की ओर बहने वाली नदी है जो अरब सागर में मिल जाती है।
- इसके तहत तटीय मछुआरों की समस्याओं को जानने के लिये इन स्थानों और ज़िलों में मछुआरों, मछुआरा समुदायों तथा हितधारकों के साथ बातचीत कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।
- आत्मनिर्भर भारत के तहत सभी मछुआरों, मत्स्य किसानों और संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता के लिये समुद्र तटीय क्षेत्रों में इसकी परिकल्पना की गई है। अत: कथन 3 सही है।

134.

Ans: C

Exp:

- SUPACE (सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट एफिशिएंसी): इसे हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
- यह न्यायिक प्रक्रियाओं को समझने हेतु डिज़ाइन किया गया है जिसमें स्वचालन की आवश्यकता होती है, फिर यह न्यायिक प्रक्रियाओं को समाहित करके दक्षता में सुधार तथा लंबितता को कम करने में न्यायालय की सहायता करता है, इसमें एआई के माध्यम से स्वचालित होने की क्षमता होती है।
- अत: विकल्प C सही है।

135.

उत्तर: B

व्याख्या:

'समर्थ' पहल के बारे में:

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री ने महिलाओं के लिये एक विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान - "समर्थ" (SAMARTH) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मंत्रालय की समर्थ पहल के अंतर्गत इच्छुक और मौजूदा महिला उद्यमियों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे:
  - मंत्रालय की कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत आयोजित निशुल्क कौशल विकास कार्यक्रमों में 20 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिये आवंटित की जाएंगी।
  - मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विपणन सहायता के लिये योजनाओं के अंतर्गत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भेजे जाने वाले MSME व्यापार प्रतिनिधिमंडल का 20 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के स्वामित्व वाले MSME को समर्पित होगा।
  - राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (National Small Industries Corporation-NSIC) की वाणिज्यिक योजनाओं के वार्षिक प्रसंस्करण शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट।
    - NSIC, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम है।
  - उद्यम पंजीकरण (Udyam Registration) के अंतर्गत महिलाओं के स्वामित्व वाले MSMEs के पंजीकरण के लिये विशेष अभियान। अत: कथन 2 सही है।
- इस पहल के माध्यम से MSME मंत्रालय महिलाओं को कौशल विकास और बाज़ार विकास सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
  - ग्रामीण और उप-शहरी क्षेत्रों की 7500 से अधिक महिला उम्मीदवारों को वित्त वर्ष 2022-23 में प्रशिक्षित किया जाएगा।
  - इसके अलावा हज़ारों महिलाओं को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने व उनके विपणन के अवसर मिलेंगे।

- साथ ही सार्वजनिक खरीद में महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिये वर्ष 2022-23 के दौरान NSIC की निम्नलिखित वाणिज्यिक योजनाओं पर वार्षिक प्रसंस्करण शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट की पेशकश की जाएगी:
  - एकल बिंदु पंजीकरण योजना
  - कच्चे माल की सहायता और बिल में छूट
  - निविदा विपणन
  - B2B पोर्टल एमएसएमईमार्ट.कॉम

136.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 के लिये स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना (Swatantrata Sainik Samman Yojana- SSSY) और इसके घटकों को आगे जारी रखने की मंज़ूरी दे दी है जिसके लिये कुल वित्तीय परिव्यय 3,274.87 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह योजना राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के सम्मान के प्रतीक के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों को मासिक सम्मान पेंशन प्रदान करती है।
- उनकी मृत्यु पर पात्र आश्रितों अर्थात् पति या पत्नी तथा अविवाहित एवं बेरोज़गार बेटियों और आश्रित माता-पिता को निर्धारित पात्रता मानदंडों एवं प्रक्रिया के अनुसार पेंशन प्रदान की जाती है।
- इसे गृह मंत्रालय (स्वतंत्रता सेनानी प्रभाग) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना के तहत देश भर में 23,566 लाभार्थी शामिल हैं।

137.

उत्तर: B

व्याख्या

- राज्य की सीमा के भीतर स्थित खनिजों का स्वामित्व संबंधित राज्य सरकार के पास है।
- 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' भारत में राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचना के माध्यम से स्थापित वैधानिक निकाय हैं। वे खान एवं खनिज (विकास व विनियमन) अधिनियम, 1957 से अपनी कानूनी स्थिति प्राप्त करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' का उद्देश्य खनन से संबंधित कार्यों से प्रभावित व्यक्तियों और क्षेत्रों के हित में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से काम करना है।
- प्रादेशिक जल या भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र के भीतर समुद्र के नीचे के खनिजों पर केंद्र सरकार का स्वामित्व है।
  - 'इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी' (ISA) वह संगठन है, जिसके माध्यम से UNCLOS के सदस्य समग्र मानव जाति के लाभ हेतु क्षेत्र में सभी खनिज-संसाधन-संबंधित गतिविधियों का आयोजन एवं नियंत्रण करते हैं।
- खनिज रियायतें प्रदान करना:
  - राज्य सरकारें खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 तथा खनिज रियायत नियम, 1960 के प्रावधानों के तहत राज्य की सीमा के भीतर स्थित सभी खनिजों के लिये खनिज रियायतें प्रदान करती हैं।
  - हालाँकि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट खनिजों के लिये केंद्र सरकार का अनुमोदन आवश्यक है। अनुसूची I में कोयला और लिग्नाइट जैसे खनिज तथा यूरेनियम और थोरियम युक्त "दुर्लभ मृदा" समूह के खनिज शामिल हैं।
- इसके अलावा केंद्र सरकार समय-समय पर कुछ खनिजों को 'लघु' खनिजों के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके लिये आवेदन प्राप्त करने और अनुदान देने की प्रक्रियाओं पर निर्णय लेने की पूर्ण शक्तियाँ केंद्र के पास हैं।
- रियायतें, रॉयल्टी की दरें तय करना, निर्धारित किराया और आदेशों को संशोधित करने की शक्ति केवल राज्य सरकार के पास है।
  - लघु खनिजों के उदाहरणों में भवन निर्माण में प्रयोग होने वाले पत्थर, बजरी, साधारण मिट्टी व रेत शामिल है।

138.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 2021 में भारत सरकार ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिये समन्वित और बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं के निष्पादन हेतु महत्त्वाकांक्षी गति शक्ति योजना या 'नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्लान' लॉन्च किया है।
- उद्देश्य: ज़मीनी स्तर पर कार्य में तेज़ी लाने, लागत को कम करने और रोज़गार सृजन पर ध्यान देने के साथ-साथ आगामी चार वर्षों में बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं की एकीकृत योजना और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- गति शक्ति योजना के तहत वर्ष 2019 में शुरू की गई 110 लाख करोड़ रुपए की 'राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन' को शामिल करना।
- लॉजिस्टिक्स लागत में कटौती के अलावा इस योजना का उद्देश्य कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना और व्यापार को बढ़ावा देने हेतु बंदरगाहों पर टर्नअराउंड समय को कम करना है।

- इसका लक्ष्य 11 औद्योगिक गलियारे और दो नए रक्षा गलियारे (एक तमिलनाडु में और दूसरा उत्तर प्रदेश में) बनाना भी है। अत: विकल्प C सही है।

139.

उत्तर: D

व्याख्या:

प्रधामंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY):

- यह केंद्र-राज्य की एक संयुक्त योजना है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2016-17 के खरीफ सीज़न के दौरान की गई थी।
  - केंद्र और राज्य सरकारें प्रीमियम राशि का 95% से अधिक भुगतान करती हैं, जबकि किसान प्रीमियम राशि का 1.5-5% वहन करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- चूँकि प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किसानों के दावों को एक निर्धारित समयावधि के भीतर निपटाने के लिये किया जाता है, इसलिये किसानों को फसल के नुकसान की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज़ करने की आवश्यकता होती है और मुआवज़े की राशि सीधे उनके खातों में भुगतान से पहले बीमा कंपनियों द्वारा मान्य होती है।
- वर्ष 2020 से पहले संस्थागत वित्त प्राप्त करने वाले किसानों के लिये यह योजना अनिवार्य थी, लेकिन इसमें परिवर्तन कर इसे सभी किसानों के लिये स्वैच्छिक बना दिया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

140.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में आपराधिक कानूनों का संहिताकरण (Codification) ब्रिटिश शासन के दौरान किया गया था जो कमोबेश 21वीं सदी में भी उसी तरह ही है।
- लॉर्ड थॉमस बबिंगटन मैकाले (Lord Thomas Babington Macaulay) को भारत में आपराधिक कानूनों के संहिताकरण का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत में आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, 1860 (Indian Penal Code, 1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 (Code of Criminal Procedure, 1973) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (Indian Evidence Act, 1872) आदि के तहत संचालित होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- आपराधिक कानून को राज्य एवं उसके नागरिकों के बीच संबंधों की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति माना जाता है।

141.

उत्तर: C

व्याख्या

- I-STEM, अनुसंधान और विकास (R&D) सुविधाओं को साझा करने के लिये एक राष्ट्रीय वेब पोर्टल है।
  - पोर्टल शोधकर्त्ताओं को उपकरणों के उपयोग के लिये स्लॉट तक पहुँचने के साथ-साथ परिणामों के विवरण, जैसे- पेटेंट, प्रकाशन और प्रौद्योगिकियों को साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - जुलाई 2021 में I-STEM परियोजना को वर्ष 2026 तक पाँच साल के लिये विस्तार दिया गया था और इसने अतिरिक्त सुविधाओं के साथ अपने दूसरे चरण में प्रवेश किया।
- इसे जनवरी 2020 में लॉन्च किया गया था और यह 'प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद' (PM-STIAC) मिशन' के तत्त्वावधान में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय की एक प्रमुख पहल है। अत: कथन 2 सही है।

142.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह देश में मानवाधिकारों का प्रहरी है, यानी भारतीय संविधान द्वारा गारंटीकृत या अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों में शामिल और भारत में अदालतों द्वारा लागू कानून के तहत व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता गरिमा से संबंधित अधिकार शामिल हैं।
- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA), 1993 के प्रावधानों के तहत 12 अक्तूबर, 1993 को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (National Human Rights Commission-NHRC) की स्थापना की गई। इसे मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 और मानवाधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा संशोधित किया गया था।
  - यह पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप स्थापित किया गया था, जिसे पेरिस (अक्तूबर 1991) में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण के लिये अपनाया गया था तथा दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- यह एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं। ऐसा व्यक्ति जो भारत का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो, इसका अध्यक्ष होता है। अत: कथन 1 सही है।

- इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री सहित लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा का उप-सभापति, संसद के दोनों सदनों के मुख्य विपक्षी नेता तथा केंद्रीय गृहमंत्री शामिल होते हैं, की सिफारिशों के आधार पर की जाती है।
- राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक होता है। अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रपति कुछ परिस्थितियों में अध्यक्ष या किसी सदस्य को पद से हटा सकता है। अत: कथन 3 सही है।

143.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्रीय श्रम मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने संयुक्त रूप से युवाओं की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिये एक डिजिटल कौशल मंच 'डिजी सक्षम' (DigiSaksham) का शुभारंभ किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह संयुक्त पहल ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों का विस्तार है।
- डिजी सक्षम पहल के माध्यम से पहले वर्ष में 3 लाख से अधिक युवाओं को बुनियादी कौशल के साथ-साथ उन्नत कंप्यूटिंग (Advanced Computing) सहित डिजिटल कौशल में मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
  - इस पहल में वंचित समुदायों से संबंधित अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के रोज़गार चाहने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, इनमें वे लोग भी शामिल होंगे जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण अपनी नौकरी गँवा दी है।
- AKJRSP-I एक गैर-सांप्रदायिक, गैर-सरकारी विकास संगठन है। यह स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष सहायता प्रदान कर ग्रामीण समुदायों की बेहतरी के लिये एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।
- नौकरी की तलाश करने वाले लोग नेशनल कॅरियर सर्विस (NCS) पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
  - NCS पोर्टल एक वन-स्टॉप समाधान है जो भारत के नागरिकों को रोज़गार और कॅरियर से संबंधित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इसका कार्यान्वयन श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

144.

उत्तर: C

व्याख्या:

- जून 2021 में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैन्युफैक्चरर्स ऑफ मेडिकल डिवाइसेस (AiMeD) ने चिकित्सा उपकरणों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का सत्यापन करने के लिये भारतीय चिकित्सा उपकरणों की प्रमाणन (ICMED) 13485 प्लस योजना शुरू की।.
- यह घटिया चिकित्सा उत्पादों या संदिग्ध मूल उपकरणों के प्रचलन और उपयोग को समाप्त करने में भी मदद करेगी जो स्वास्थ्य के लिये गंभीर रूप से खतरनाक साबित हो सकते हैं।
- अत: विकल्प C सही है।

145.

उत्तर: D

व्याख्या

जेनोसाइड कन्वेंशन:

- जेनोसाइड के अपराध की रोकथाम और सज़ा पर कन्वेंशन (जेनोसाइड कन्वेंशन) अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक उपकरण है जिसे पहली बार जेनोसाइड के अपराध के लिये संहिताबद्ध किया गया है।
- जेनोसाइड कन्वेंशन 9 दिसंबर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाई गई पहली मानवाधिकार संधि थी।
- यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किये गए अत्याचारों के बाद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की 'फिर कभी नहीं (Never Again)' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- जैसा कि हम जानते हैं, इसे अपनाना अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक कानून के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- जेनोसाइड कन्वेंशन के अनुसार, जेनोसाइड एक ऐसा अपराध है जो युद्ध तथा शांति दोनों समय हो सकता है।
- कन्वेंशन में निर्धारित जेनोसाइड के अपराध की परिभाषा को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर व्यापक रूप से अपनाया गया है, जिसमें वर्ष 1998 में अपनाई गई अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) की रोम संविधि भी शामिल है।
- महत्त्वपूर्ण रूप से कन्वेंशन राज्य पार्टियों पर जेनोसाइड के अपराध को रोकने और दंडित करने हेतु कानून बनाने तथा अपराधियों को दंडित करने "चाहे वे संवैधानिक रूप से ज़िम्मेदार शासक, सार्वजनिक अधिकारी या निजी व्यक्ति ही क्यों न हों" से संबंधित है (अनुच्छेद IV)।

- इस दायित्व को, नरसंहार प्रतिषेध के अलावा अंतर्राष्ट्रीय प्रथागत कानून के मानदंडों के रूप में भी देखा जाता है, इसलिये यह सभी राज्यों पर बाध्यकारी है चाहे उन्होंने जेनोसाइड कन्वेंशन की पुष्टि की हो या नहीं।

- भारत इस कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है। अत: विकल्प D सही है।

146.

उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर और तेज़ करने यानी RAMP (Rising and Accelerating MSME Performance) योजना को मंज़ूरी दी है, जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2022-23 में होगी। अत: कथन 1 सही है।
- यह यू.के सिन्हा समिति, के.वी कामथ समिति तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PMEAC) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप है। अत: कथन 2 सही है।
  - भारतीय रिज़र्व बैंक ने MSME क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता हेतु दीर्घकालिक उपायों का सुझाव देने के लिये वर्ष 2019 में यू.के. सिन्हा की अध्यक्षता में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।
- यह विश्व बैंक से सहायता प्राप्त केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसके तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME) से जुड़ी कोविड-19 संबंधित चुनौतियों के समाधान हेतु आवश्यक मदद दी जा रही है। अत: कथन 3 सही है।

147.

उत्तर: B

व्याख्या

- AFSPA सशस्त्र बलों को निरंकुश शक्तियाँ देता है।
  - उदाहरण के लिये यह उन्हें कानून का उल्लंघन करने वाले या हथियार और गोला-बारूद रखने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने की अनुमति देता है, भले ही इससे उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाए। अत: कथन 2 सही है।
  - साथ ही यह उन्हें "उचित संदेह" के आधार पर वारंट के बिना ही व्यक्तियों को गिरफ्तार करने और परिसर की तलाशी लेने की शक्ति प्रदान करता है।
- धारा 3 के तहत "अशांत" क्षेत्र घोषित किये जाने के बाद इसे केंद्र या किसी राज्य के राज्यपाल द्वारा, राज्य या उसके कुछ हिस्सों पर लगाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - अधिनियम को वर्ष 1972 में संशोधित किया गया था, इसके अंतर्गत किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने की शक्तियाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गई थीं।
  - वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) केवल नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के लिये AFSPA का विस्तार करने हेतु समय-समय पर "अशांत क्षेत्र" अधिसूचना जारी करता है।
  - मणिपुर और असम के लिये अधिसूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है।
  - त्रिपुरा ने वर्ष 2015 में अधिनियम को निरस्त कर दिया तथा मेघालय 27 वर्षों के लिये AFSPA के अधीन था, जब तक कि इसे 1 अप्रैल, 2018 से MHA द्वारा निरस्त नहीं कर दिया गया।
- सशस्त्र बलों को ज़िला प्रशासन के सहयोग से कार्य करना चाहिये, न कि एक स्वतंत्र निकाय के रूप में। अत: कथन 3 सही नहीं है।

148.

उत्तर: D

व्याख्या:

- इस प्रणाली की शुरुआत केंद्र सरकार ने जनवरी 2004 में (सशस्त्र बलों को छोड़कर) की थी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) को सरकार के लिये पेंशन देनदारियों से छुटकारा पाने के तरीके के रूप में लॉन्च किया गया था।
- NPS को देश में PFRDA (पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा कार्यान्वित एवं विनियमित किया जा रहा है।
- NPS का 'ऑल सिटीज़न मॉडल' 18 से 70 वर्ष की आयु के भारत के सभी नागरिकों (NRIs सहित) को NPS में शामिल होने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यहाँ तक कि निजी व्यक्ति भी इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह एक सहभागी योजना है, जहाँ कर्मचारी सरकार के समान योगदान के साथ वेतन से अपने पेंशन कोष में योगदान करते हैं। इसके बाद निधियों को पेंशन निधि प्रबंधकों के माध्यम से निर्धारित निवेश योजनाओं में निवेश किया जाता है।
- सेवानिवृत्ति के समय वे कुल राशि का 60% निकाल सकते हैं, जो कर-मुक्त है और शेष 40% राशि को वार्षिकी में निवेश किया जाता है, जिस पर कर लगता है। अत: कथन 3 सही है।

149.

उत्तर: C

व्याख्या:

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA):

- परिचय:
  - यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के व्यवस्थित विनियमन,

इसे बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिये संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित वैधानिक प्राधिकरण है।

- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 19 सितंबर, 2013 को पारित किया गया था।

- यह वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Service) के अंतर्गत कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।

- कार्य:
  - राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) जिसके अभिदाताओं में केंद्र सरकार/राज्य सरकारों निजी संस्थानों/संगठनों और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी शामिल हैं, का नियमन PFRDA द्वारा किया जाता है। अत: कथन 2 सही है
  - यह विभिन्न मध्यवर्ती एजेंसियों जैसे- पेंशन फंड मैनेजर (Pension Fund Manager), सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (Central Record Keeping Agency) आदि की नियुक्ति का कार्य करता है।
  - यह NPS के तहत पेंशन उद्योग के विकास, इसे बढ़ावा देने और नियंत्रण का कार्य करता है तथा अटल पेंशन योजना का प्रबंधन भी करता है।

150.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण:

- सांविधिक प्राधिकरण: UIDAI 12 जुलाई, 2016 को आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के अधिकार क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - UIDAI की स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2009 में योजना आयोग के तत्त्वावधान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में की गई थी।
- जनादेश: UIDAI को भारत के सभी निवासियों को एक 12-अंकीय विशिष्ट पहचान (UID) संख्या (आधार) प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- 31 अक्तूबर, 2021 तक UIDAI ने 131.68 करोड़ आधार नंबर जारी किये थे।

151.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के तहत भारत में व्यक्तियों के विदेशी धन को एफसीआरए अधिनियम के तहत विनियमित और गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लोगों को गृह मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति है।
- हालाँकि ऐसे विदेशी योगदान की स्वीकृति के लिये 25,000 रुपए की मौद्रिक सीमा निर्धारित की गई है।
- अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि विदेशी योगदान प्राप्त करने वाले उस उद्देश्य का पालन करते हैं जिसके लिये यह योगदान प्राप्त किया गया है।
- अधिनियम के तहत संगठनों को प्रत्येक पाँच वर्ष में अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है। अत: कथन 2 सही है।

152.

उत्तर: C

व्याख्या:

'उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना (PLI scheme):

- परिचय:
  - उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के साथ घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये PLI योजना की कल्पना की गई थी।
  - सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों हेतु PLI योजनाओं के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए अलग रखे तथा वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सौर पीवी मॉड्यूल के लिये PLI हेतु 19,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।
  - मार्च 2020 में शुरू की गई इस योजना ने शुरू में तीन उद्योगों को लक्षित किया था:
    - मोबाइल और संबद्ध घटक निर्माण
    - विद्युत घटक निर्माण
    - चिकित्सा उपकरण
- उद्देश्य:
  - सरकार ने चीन एवं अन्य देशों पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिये इस योजना की शुरुआत की है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह श्रम प्रधान क्षेत्रों का समर्थन करती है और भारत में रोज़गार अनुपात को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। अत: कथन 1 सही है।

- यह योजना आयात बिलों को कम करने एवं घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये भी काम करती है।
  - PLI योजना विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी इकाइयाँ स्थापित करने के लिये आमंत्रित करती है और घरेलू उद्यमों को अपनी उत्पादन इकाइयों का विस्तार करने हेतु प्रोत्साहित करती है।
- अत: विकल्प C सही है।

153.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था।
  - इसे 700 करोड़ रुपए के स्वीकृत बजट के साथ 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।
- इस योजना के तहत विक्रेता 10,000 रुपए तक का कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जो एक वर्ष के कार्यकाल में मासिक किस्तों में चुकाने योग्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऋण के समय पर/जल्दी चुकौती पर त्रैमासिक आधार पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में 7% प्रतिवर्ष की ब्याज सब्सिडी जमा की जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - ऋण की जल्दी चुकौती पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। विक्रेता ऋण की समय पर/जल्दी चुकौती पर बढ़ी हुई ऋण सीमा की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

154.

उत्तर: A

व्याख्या:

मध्याह्न भोजन योजना:

- मध्याह्न भोजन योजना के बारे में: यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा स्कूल फीडिंग प्रोग्राम है, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के सरकारी स्कूलों में नामांकित छात्रों को शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इस योजना का मूल उद्देश्य स्कूलों में नामांकन को बढ़ाना है।
- नोडल मंत्रालय: शिक्षा मंत्रालय। अत: कथन1 सही है।
- पृष्ठभूमि: यह कार्यक्रम पहली बार वर्ष 1925 में मद्रास नगर निगम में वंचित बच्चों के लिये शुरू किया गया था।
  - वर्ष 1995 में केंद्र सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिये प्रायोगिक आधार पर केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसकी शुरुआत की।
  - अक्तूबर 2007 तक MDMS को कक्षा 8 तक के लिये बढ़ा दिया गया था।

155.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट' (RoDTEP) योजना:
  - RoDTEP योजना निर्यातकों को ऐसे अंतर्निहित केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क या करों को वापस कर देगी, जिन पर अब तक या तो छूट नहीं दी जा रही थी या उन्हें वापस नहीं किया जा रहा था, जिससे भारत के निर्यातकों को नुकसान हो रहा था।
  - यह योजना उन करों या शुल्कों पर लागू नहीं होगी, जिन पर पहले ही छूट दी जा चुकी है या जिन्हें वापस किया जा चुका है।
- लॉन्च
  - इसे जनवरी 2021 में 'मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया स्कीम' (MEIS) के प्रतिस्थापन के रूप में शुरू किया गया था, जो विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं थी। अत: कथन 1 सही है।
  - परिधान निर्यातकों के लिये 'राज्य और केंद्रीय लेवी तथा कर' (RoSCTL) योजना की छूट अलग से अधिसूचित की गई है।
- हाल ही में सरकार ने 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट' (RoDTEP) योजना से लौह, इस्पात, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को हटा दिया है। अत: कथन 2 सही है।
  - इन क्षेत्रों को इस योजना से हटा दिया गया क्योंकि लौह और इस्पात 'पहले से ही उन्नत स्तर पर थे तथा महामारी के दौरान फार्मा उद्योग में भी वृद्धि हुई थी।

156.

उत्तर: B

व्याख्या:

उड़ान योजना:

- उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) को वर्ष 2016 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS) के रूप में शुरू किया गया था।

- उद्देश्य:
  - क्षेत्रीय विमानन क्षेत्र का विकास करना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - छोटे शहरों में भी आम आदमी को क्षेत्रीय मार्गों पर किफायती, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और लाभदायक हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करना।
- इस योजना में मौजूदा हवाई पट्टियों और हवाई अड्डों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश के असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों को कनेक्टिविटी प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। यह योजना 10 वर्षों की अवधि के लिये परिचालित है।
- कम सेवा वाले हवाई अड्डे वे होते हैं जिनमें एक दिन में एक से अधिक उड़ानें नहीं होती हैं, जबकि अनारक्षित हवाई अड्डे वे होते हैं जहाँ कोई परिचालन नहीं होता है।
- केंद्र, राज्य सरकारों और हवाई अड्डा संचालकों की ओर से चयनित एयरलाइंस को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है ताकि असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों से संचालन को प्रोत्साहित किया जा सके एवं हवाई किराए को किफायती रखा जा सके। अत: कथन 2 सही है।

157.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

स्मार्ट सिटीज़ मिशन:

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे जून 2015 में "स्मार्ट सॉल्यूशंस" (Smart Solutions) के आवेदन के माध्यम से नागरिकों को उच्च गुणवत्ता के साथ जीवन जीने हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचा, स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण प्रदान करने के लिये 100 शहरों को परिवर्तित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
- मिशन का उद्देश्य विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से शहरों में रहने वाली भारतीय आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।
- इसके रणनीतिक घटकों में 'क्षेत्र-आधारित विकास' जिसमें शहर सुधार (Retrofitting), शहर नवीनीकरण (Redevelopment) और शहर विस्तार (Greenfield Development) शामिल हैं, साथ ही एक पैन-सिटी पहल, जिसमें शहर के बड़े हिस्से को कवर करते हुए 'स्मार्ट समाधानों' को लागू किया जाता है।
- योजना के मुख्य फोकस क्षेत्रों में पैदल मार्ग का निर्माण, पैदल यात्री क्रॉसिंग, साइकिल ट्रैक, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत यातायात प्रबंधन और मूल्यांकन शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह योजना शहरी विकास को ट्रैक करने हेतु विभिन्न सूचकांकों का भी आकलन करती है जैसे- जीवन सुगमता सूचकांक, नगर पालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक, सिटी जीडीपी फ्रेमवर्क, जलवायु स्मार्ट शहरों का आकलन ढाँचा आदि। अत: कथन 2 सही है।

158.

उत्तर: C

व्याख्या:

'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग':

- यह 28 दिसंबर 1953 को अस्तित्व में आया।
- वर्ष 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे एक वैधानिक निकाय बनाया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इसे विश्वविद्यालय शिक्षा में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान मानकों के समन्वय, निर्धारण तथा रखरखाव हेतु स्थापित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- UGC का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

159.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय खादी, ग्राम और जूट उद्योगों सहित MSME क्षेत्र की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देकर एक जीवंत एमएसएमई क्षेत्र की कल्पना करता है।
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम को वर्ष 2006 में एमएसएमई को प्रभावित करने वाले नीतिगत मुद्दों के साथ-साथ क्षेत्र की कवज़ व निवेश सीमा को संबोधित करने के लिये अधिसूचित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- MSME को वृद्धिशील ऋण प्रदान करने के लिये ब्याज सबवेंशन योजना भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू की गई थी, जिसमें सभी कानूनी एमएसएमई को उनकी वैधता की अवधि के दौरान उनके बकाया, वर्तमान/वृद्धिशील सावधि ऋण/कार्यशील पूंजी पर 2% तक की राहत प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

160.

उत्तर: B

व्याख्या:

अटल न्यू इंडिया चैलेंज:

- अटल न्यू इंडिया चैलेंज अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित उन नवाचारों की तलाश, चयन, समर्थन करना और उन्हें बढ़ावा देना है जो राष्ट्रीय महत्त्व एवं सामाजिक प्रासंगिकता से संबंधित क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करते हैं।
- ANIC प्रोटोटाइप चरण में नवाचारों की मांग के साथ 12-18 महीनों के दौरान चयनित स्टार्टअप को व्यावसायीकरण चरण में सहयोग करता है।
- अत: विकल्प B सही है।

161.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के लिये "अधिदेश दस्तावेज़" जारी किया है। अत: कथन 1 सही है।
- परिवर्तनकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन का केंद्र नया राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) है जो हमारे स्कूलों और कक्षाओं में एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को वास्तविकता में परिवर्तित करके देश में उत्कृष्ट शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाएगा।
- NCF के विकास को राष्ट्रीय संचालन समिति (NSC) द्वारा निर्देशित किया जा रहा है, इसकी अध्यक्षता डॉ. के कस्तूरीरंगन कर रहे हैं जो राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) के साथ अधिदेश समूह द्वारा समर्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - NCF में शामिल होंगे:
  - स्कूली शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFSE),
  - बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFECCE)
  - शिक्षकों की शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFTE)
  - प्रौढ़ शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFAE), अत: कथन 3 सही है।

162.

उत्तर:C

व्या ख्या:

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना:

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में गरीब और संवेदनशील वर्ग की सहायता करने के लिये 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' (PMGKP) के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
- वित्त मंत्रालय इसका नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रारंभ में इस योजना की शुरुआत तीन माह (अप्रैल, मई और जून 2020) की अवधि के लिये की गई थी, जिसमें कुल 80 करोड़ राशन कार्डधारक शामिल थे। बाद में इसे नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया गया था।
- इस योजना के चरण- I और चरण- II क्रमश: अप्रैल से जून, 2020 तथा जुलाई से नवंबर, 2020 तक संचालित थे।
- योजना का तीसरा चरण मई से जून 2021 तक संचालित था।
- योजना का चौथा चरण जुलाई-नवंबर 2021 के लिये संचालित था।
- इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये गए 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अलावा प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

163.

उत्तर: B

व्याख्या:

पीएम मित्र पार्क योजना:

- परिचय:
  - 'पीएम मित्र' पार्क को सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मोड में एक विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) के ज़रिये विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकारों के पास होगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रत्येक 'मित्र' पार्क में एक इन्क्यूबेशन सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग हाउस और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट तथा टेक्सटाइल संबंधी सुविधाएँ जैसे- डिज़ाइन सेंटर एवं टेस्टिंग सेंटर होंगे।
- वित्तपोषण:
  - इस योजना के तहत केंद्र सरकार सामान्य बुनियादी अवसंरचना के विकास हेतु प्रत्येक ग्रीनफील्ड 'मित्र' पार्क के लिये 500 करोड़ रुपए और प्रत्येक ब्राउनफील्ड पार्क के लिये 200 करोड़ रुपए की विकास पूंजी सहायता प्रदान करेगी। अत: कथन 2 सही है।
    - ग्रीनफील्ड का आशय एक पूर्णत: नई परियोजना से है, जिसे शून्य स्तर से शुरू किया जाना है, जबकि ब्राउनफील्ड परियोजना वह है जिस पर काम शुरू किया जा चुका है।

- प्रोत्साहन के लिये पात्रता:
  - इनमें से प्रत्येक पार्क में वस्त्र निर्माण इकाइयों की शीघ्र स्थापना के लिये प्रतिस्पर्द्धात्मक प्रोत्साहन सहायता के रूप में अतिरिक्त 300 करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे।
  - कम-से-कम 100 लोगों को रोज़गार देने वाले 'एंकर प्लांट' स्थापित करने वाले निवेशक तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष 10 करोड़ रुपए तक प्रोत्साहन पाने के लिये पात्र हैं।

164.

उत्तर: B

व्याख्या:

अटल पेंशन योजना:

- यह योजना मई 2015 में सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
  - यह असंगठित क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने और भविष्य की ज़रूरतों को कवर करने के लिये सरकार की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना को NPS के माध्यम से 'पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण' द्वारा प्रशासित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना में 18-40 वर्ष के बीच की आयु वाला भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है। इस योजना में देर से शामिल होने वाले ग्राहक की योगदान राशि ज़्यादा और जल्दी शामिल होने वाले ग्राहक की योगदान राशि कम होती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह अभिदाताओं को उनके योगदान के अनुसार 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 1000 रुपए से 5000 रुपए तक की न्यूनतम गारंटीड पेंशन प्रदान करता है।
- सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी, अर्थात यदि योगदान के आधार पर संचित कोष निवेश पर अनुमानित रिटर्न से कम अर्जित करता है और न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करने के लिये अपर्याप्त है, तो केंद्र सरकार अपर्याप्तता की स्थिति में निधि प्रदान करेगी।
  - वैकल्पिक रूप से यदि निवेश पर प्रतिफल अधिक है तो अभिदाताओं को बढ़े हुए पेंशन लाभ प्राप्त होंगे।
- अभिदाता मासिक/तिमाही/अर्द्धवार्षिक आधार पर अटल पेंशन योजना में अंशदान कर सकते हैं। अत: विकल्प B सही है।

165.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में नीति आयोग द्वारा एम-प्राइम (प्रोग्राम फॉर रिसर्चर्स इन इनोवेशन, मार्केट रेडीनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप-एम-प्राइम) प्लेबुक लॉन्च की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एम-प्राइम प्लेबुक (AIM-PRIME Playbook) का उद्देश्य मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रम का उपयोग करते हुए 12 माह की अवधि में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से प्रारंभिक चरण के विज्ञान-आधारित, गहन प्रौद्योगिकी विचारों को बाज़ार में बढ़ावा देना है। अत: कथन 2 सही है।
  - डीप टेक्नोलॉजी मूर्त इंजीनियरिंग नवाचार या वैज्ञानिक प्रगति और खोजों पर आधारित है। डीप टेक को प्राय: इसकी गहन सक्षम शक्ति, इसके द्वारा पैदा की जा सकने वाली भिन्नता और परिवर्तन को उत्प्रेरित करने की क्षमता से अलग किया जाता है।

166.

उत्तर: C

व्याख्या:

- EMR विद्यालय योजना पूरे भारत में भारतीय जनजातियों (ST-अनुसूचित जनजाति) के लिये मॉडल आवासीय विद्यालय बनाने की एक योजना है। इसकी शुरुआत वर्ष 1997-98 में हुई थी।
  - ये विद्यालय न केवल अकादमिक शिक्षा बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत प्राप्त अनुदान द्वारा राज्य सरकारों को स्कूलों के निर्माण और आवर्ती व्यय के लिये अनुदान प्रदान किया जाता है।
  - वर्ष 2022 तक 50% से अधिक अनुसूचित जनजातीय आबादी और कम-से-कम 20,000 की आदिवासी जनसंख्या वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक EMR विद्यालय के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।
- EMR विद्यालय योजना शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत नहीं बल्कि जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एक योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- EMR विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम का पालन करता है, न कि राज्य बोर्ड पाठ्यक्रम का। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये EMR विद्यालय विकसित किये जा रहे हैं। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प (C) सही है।

167.

उत्तर: B

व्याख्या:

- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ABPMJAY) विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना है जो पूर्णत: सरकार द्वारा वित्तपोषित है।
- इसे फरवरी 2018 में लॉन्च किया गया था। यह द्वितीयक देखभाल (जिसमें विशेषज्ञ शामिल नहीं है) के साथ-साथ तृतीयक देखभाल (जिसमें विशेषज्ञ शामिल है) के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह अस्पताल में भर्ती होने से पहले के 3 दिनों तक और अस्पताल में भर्ती होने के बाद के 15 दिनों के निदान और दवाओं के खर्च को कवर करती है। अत: कथन 2 सही है।
- PMJAY के तहत परिवार के आकार, उम्र या लिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अत: कथन 3 सही है।

168.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने 'प्लम्बेक्स इंडिया' प्रदर्शनी में भारत टैप पहल की शुरुआत की। यह प्रदर्शनी प्लम्बिंग, जल और स्वच्छता उद्योग से संबंधित उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से लगाई गई। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्रदर्शनी में राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (NAREDCO) माही के 'निर्मल जल प्रयास' पहल की भी शुरुआत की गई।
- 'भारत टैप' के तहत कम बहाव वाले टैप और 'फिक्स्चर' के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
  - यह बड़े पैमाने पर कम प्रवाह वाले सेनेटरी सामग्री प्रदान करेगा और इस तरह स्रोत पर पानी की खपत को काफी कम कर देगा।
- इससे लगभग 40% पानी की बचत होने का अनुमान है, परिणामस्वरूप जल और ऊर्जा की बचत होगी जिससे पंपिंग, जल के परिवहन और शुद्धिकरण के लिये भी कम ऊर्जा की आवश्यकता होगी।
- इस पहल को देश में शीघ्रता से स्वीकार किया जाएगा, फलस्वरूप जल संरक्षण पर नए सिरे से प्रयास किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।